दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



मेघना गुलजार की स्पाइडर में काम करेंगे सिद्धार्थ...



मेरी क्रिसमस की सबसे मुश्किल फिल्म...

वर्ष : 10 | अंक : 03 | लखनऊ, 12 दिसम्बर, मंगलवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफटी 20,969.40

# विकसित भारत 2047 योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया लॉन्च

## वकसित भारत की दिशा में सब मिलकर करें काम : मोदी

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज योजना को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लॉन्च किया है। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक इस योजना के जरिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के जरिए इस योजना को सफल बनाना जरुरी है। युवाओं को सफल ट्रेनिंग देने के लिए देश भर में वर्कशॉप का आयोजन भी किया जाएगा। पीएम मोदी के इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपतियों और देश भर में राज भावनाओं में आयोजित कार्यशाला में संस्थाओं के प्रमुखों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया है।

### पीएम मोदी ने संबोधन में कही ये बातें

बता दें कि इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत@2047 एक बेहद अहम पहल है जिसका उद्देश्य विकसित भारत के निर्माण की दिशा में युवाओं को एकीकृत करना है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन विकसित भारत के संकल्पों को लेकर काफी अहम है। पीएम मोदी ने इस दौरान सभी राज्यपालों को विकसित भारत के निर्माण से संबंधित वर्कशॉप का सफल आयोजन करने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों को एक मंच पर लगाएं हैं जिनपर देश



की युवा शक्ति को दिशा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति और व्यक्तिगत विकास होता है तो ही राष्ट्र का भी निर्माण हो सकता है। आज के समय में भारत में व्यक्तित्व विकास अभियान बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने इस कार्यशाला के दौरान कहा कि भारत के इतिहास का ये वो दौर चल रहा है जब देश विकास की दिशा में लंबी छलांग लगा रहा है। हर ओर इस तरह विकास के कई उदाहरण देखने को मिल रहे है। ये भारत के लिए बिलकुल सही समय है, जब हर पल का लाभ उठाकर देश को विकासित करने की दिशा में काम करना चाहिए। ऐसे कई देश हैं जिन्होंने तय समय में लंबी छलांग लगाकर विकास किया है। इस समय को अमर बनाने के लिए हर क्षण का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ये अमृतकाल उसी तरह का समय है जैसे की आमतौर पर परीक्षा के दिनों में होता है। छात्र परीक्षा में अपने प्रदर्शन को लेकर तभी आत्मविश्वास से भरता है जब उसकी तैयारी होती है। अंतिम समय तक भी वो लगातार कोई कसर नहीं छोड़ता है। ऐसे ही इस समय भी देश के हर नागरिक को परीक्षा की तरह ही हर क्षण अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम करना है।

# जीवन में सफल बनने के लिए शिक्षित और ज्ञानी होना महत्वपूर्ण हैः मुख्यमंत्री



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि शिक्षा का अर्थ महज सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त करना नहीं है और जीवन में सफल बनने के लिए शिक्षित और ज्ञानी होना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री यहां महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) के 91वें स्थापना सप्ताह के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ह्लसफलता प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है। लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध रहने और समय सीमा के भीतर काम करने से किसी व्यक्ति को तय उद्देश्य प्राप्त करने से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा, ह्लप्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री किताबी ज्ञान के जरिए प्राप्त किया जा सकता है। जीवन में सफल बनने के लिए शिक्षित और ज्ञानी होना महत्वपूर्ण है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों को उद्दत करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ रहने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि धैर्य और कठिन मेहनत के साथ वे सफलता की नई ऊंचाइयों को छूएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नमो भारत ट्रेन का दुहाई से मोदीनगर स्टेशन के बीच परीक्षण संचालन

**नई दिल्ली।** दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के 17 किमी प्राथमिकता वाले खंड के शुरू होने के बाद रविवार को दुहाई से मोदीनगर दक्षिण तक नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन (प्रयोगिक परीक्षण) किया गया। दुहाई स्टेशन से रवाना होकर ट्रेन सबसे पहले मुरादनगर स्टेशन पहुंची और फिर मोदीनगर दक्षिण तक लगभग 12 किमी की दूरी तय की। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, अभी ट्रैक और ट्रैक्शन का परीक्षण करने के लिए नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया जा रहा है। शुरूआत में ट्रेन को ट्रेन कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत संचालित किया जा रहा है। ट्रेन ने मुरादनगर स्टेशन से मोदीनगर दक्षिण तक की दूरी न्यूनतम गति से तय की। लेकिन ट्रेन को वापस दुहाई लाते समय इसकी गति में थोड़ी बढ़ोतरी की गई। दुहाई से मेरठ दक्षिण आरआरटीएस स्टेशन के बीच 25 किमी लंबा मार्ग गलियारे का अगला खंड है जिसे प्राथमिकता खंड के बाद जनता के लिए खोला जाएगा।

### दिल्ली में मौसम की सबसे सर्द सुबह ; वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को मौसम की सबसे सर्द सुबह रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, न्यूनतम पारा मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से एक डिग्री कम है। दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई)शाम छह बजे 312 था, जो बहुत खराब श्रेणी में है। शनिवार शाम छह बजे यह 322 दर्ज किया गया था।

# छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं रमन सिंह

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रमन सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा की नयी सरकार में एक उप मुख्यमंत्री हो सकता है। वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि राज्य में दो उप मुख्यमंत्री नियुक्त हो सकते हैं। हाल में हुए चुनाव में भाजपा ने 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटें जीतीं है तथा भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया है। कांग्रेस 35 सीटों पर सिमट गई है, जिसने 2018 में 68 सीटें जीती थी। साय को रविवार को यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 54 नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के दौरान भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक से पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा था कि एक उप मुख्यमंत्री भी नियुक्त किया जाएगा। विधायक दल की बैठक में ऐसी कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय राजनीतिक हलकों में अटकलें हैं कि नई भाजपा सरकार में दो उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 13 सदस्य हो सकते हैं। राजनीतिक हलकों में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व आईएएस अधिकारी एवं पार्टी नेता ओपी चौधरी तथा सामान्य वर्ग की जाति से आने वाले विधायक ब्राह्मण विजय शर्मा का नाम चल रहा है।

# भाजपा 2014 में आयी थी, 2024 में चली जाएगी : अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

**सैफई , इटावा ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 की बहुत बड़ी तैयारी हो रही है। उत्तर प्रदेश से ही भाजपा वर्ष 2014 में सत्ता में आए थे, सन-2024 में सत्ता के बाहर चले जाएंगे।

सपा सुप्रीमो ने कहा कि सवाल वैसे के वैसे हैं, भाजपा वाले बताएं कि क्या किसान की आय दुगनी हुई? क्या धान खरीदा गया?

श्री यादव आज संकट मोचन धाम परिसर, नगला मर्दान, सैफई में मनीष यादव पतरे के यहां आयोजित शादी समारोह में वर-वधू को आशीर्वाद देने आए थे। इस सूचना पर आए पत्रकारों



से वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाएंगे? जिस सरकार की अर्थव्यवस्था चौपट हो, 60 से 70 प्रतिशत तक बजट का पैसा खर्च न हो पा रहा हो, गड्ढे न भर पा रहे हों, गरीब को अस्पताल में इलाज न मिल पा रहा हो, वह क्या वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाएंगे। इसके लिए आपको पैसा खर्च करना पड़ेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई निवेश फाइलों पर है, जमीन पर सिर्फ जुमलेबाजी हो रही है। भाजपा सरकार द्वारा इन्वेस्टर समिट के नाम पर 40 लाख करोड़ रू0 के निवेश का दावा सिर्फ कागज पर है, जमीन पर विकास नहीं है। सुनने में तो यह आया है कि जिन्होंने एमओयू किए थे, वे ढूंढे नहीं मिल रहे है। सरकारी मशीनरी उन्हें तलाश रही है। पूंजीवादी सरकार में प्रदेश का विकास संभव नहीं है। श्री यादव ने कहा एक समय पर इत्र कारोबारी का पैसा पकड़ा गया था और समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाने के लिए बाकायदा प्रोपेगेंडा हुआ था। जनता जानना चाहती है कि जिस इत्र व्यापारी के ढाई सौ करोड़ रुपए पकड़े गए थे, सुनने में आ रहा उसका पैसा वापस कर दिया गया। नोटबंदी पर भाजपा को माफी मांगनी चाहिए क्योंकि आज भी लोग काला धन बना रहे है। यह भाजपा की पॉलिसी की गलती है। अब तो लॉकरों से नोटो की गड्डियां निकल रही है। श्री यादव ने कहा कि जनता को ठगने में भाजपा सरकार नम्बर एक है, सिर्फ प्रचार, झूठ और भ्रष्टाचार पर उसकी नींव टिकी है। किसी कम्पनी को आप पैसा दे दीजिए और कम्पनी बताएगी कि आप दुनिया में नम्बर वन है। हम तमाम लोगों को जानते हैं जो दुनिया में नम्बर वन है। इसे कौन मान लेगा कि बाकी दुनिया का जो नम्बर वन देश है वह बैलेट से वोट डालता है। उन्होंने कहा कि अगर आप दुनिया में नम्बर वन हो गए है तो उसकी नकल पर बैलेट से वोट डलवाइए तब मानेंगे। दुनिया में इतनी बेरोजगारी नहीं जितनी भारत में है। घर-घर बेरोजगार बैठे हैं। दवा इलाज की व्यवस्था भारत में चौपट है। भाजपा बताए दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत की प्रतिव्यक्ति आय कितनी है? भाजपा बस जुमलेबाजी से लोगों को गुमराह करती है। उसके पास गिनाने को अपना एक भी विकास कार्य नहीं है। उसके सभी दावे झूठे और नकली हैं।

# देशहित में गलत फैसलों में सुधार जरुरी : शाह

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** आज राज्यसभा में विचार और पारित होने के लिए जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किए गए। विधेयक 6 दिसंबर को लोकसभा द्वारा पारित किए गए थे। चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि ये दोनों विधेयक पारित हो जाएंगे और इसलिए भी क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर और भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। आज सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर (पुनर्गठन) विधेयक, 2019 के पीछे



की मंशा, इसकी संवैधानिक वैधता और प्रक्रिया को बरकरार रखा।

शाह ने कहा कि रउ ने माना कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। यदि धारा 370 इतनी ही उचित, इतनी ही आवश्यक होती तो नेहरू जी उसके आगे अस्थायी शब्द का प्रयोग क्यों करते? जो लोग कहते हैं कि धारा 370 स्थायी है, वे संविधान सभा और संविधान की मंशा का अपमान कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उक्त धारा 370 एक अस्थायी प्रावधान था, यानी याचिकाकर्ता का यह दावा कि धारा 370 कभी नहीं हो सकती हटा दिया गया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा शक्ति का प्रयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं है, इसे सुप्रीम कोर्ट ने होल्ड कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी होल्ड कर दिया है कि धारा-370 समाप्त हो चुकी है, इसलिए जम्मू कश्मीर के संविधान कोई अस्तित्व नहीं रह गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि परसों भी कई सवाल उठे थे। लोकसभा में कहा गया कि बिल लंबित है और इसे जल्दबाजी में लाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट न्याय करेगा और हमें इसका इंतजार करना चाहिए। ये सभी स्टैंड न्याय के लिए नहीं बल्कि पीएम मोदी द्वारा लिए गए फैसलों को रोकने के लिए थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि देशहित में गहल फैसलों में सुधार जरुरी होता है। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब नए परिसीमन आयोग के बाद 43 सीटें हो गई हैं. पहले कश्मीर में 46 सीटें थीं, अब 47 हैं और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 24 सीटें आरक्षित कर दी गई हैं क्योंकि पीओके हमारा है।

शाह ने कहा कि आज (अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का) फैसला भी आ गया है। फिर भी, वे (कांग्रेस) कहते हैं कि वे इसे स्वीकार नहीं करते हैं और धारा 370 को गलत तरीके से हटाया गया है।

# सौरव गांगुली त्रिपुरा पर्यटन विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली त्रिपुरा पर्यटन विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने के वास्ते औपचारिक रूप से एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सोमवार को राज्य का दौरा करेंगे। एक वरिष्ठ मंत्री ने यह जानकारी दी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष मंगलवार को राज्य के प्रतिष्ठित स्मारकों पर कुछ पर्यटन प्रचार वीडियो शूट करेंगे। पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी ने रविवार को पत्रकारों से कहा, गांगुली का सोमवार शाम लगभग छह बजे त्रिपुरा पहुंचने का कार्यक्रम है। महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे से वह उज्जयंता पैलेस जाएंगे, जहां उन्हें राज्य पर्यटन का ब्रांड एंबेसडर बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। चौधरी ने बताया कि गांगुली मंगलवार को राज्य से रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री माणिक साहा से उनके आधिकारिक आवास पर मिलेंगे।उन्होंने बताया कि वह प्रतिष्ठित उज्जयंता पैलेस में प्रचार वीडियो भी शूट करेंगे।

# नव्य अयोध्या की मूर्तियों में भी दिखेगी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की झलक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अयोध्या के राजा श्रीराम के स्वागत को पूरी दुनिया बेताब है। 22 जनवरी 2024 को 500 वर्षों के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से मयार्दा पुरुषोत्तम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'नव्य अयोध्या' का निर्माण हो रहा है। सीएम का प्रयास है कि यहां पूरी दुनिया को पारंपरिक, सांस्कृतिक धरोहर से लेकर आधुनिकता की झलक देखने को मिले। इसके लिए योगी सरकार ने देश ही नहीं, बल्कि विदेश के कलाकारों को भी आमंत्रित किया है, जो अपनी मूर्तिकला और चित्रकला से मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवन को उकेरेंगे। साथ ही लोगों के दिलों और दिमाग पर भव्य उद्घाटन समारोह की अमिट छाप छोड़ेंगे।

### देश-विदेश से दिग्गज मूर्ति और शिल्प कलाकारों को किया गया आमंत्रित

योगी सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर उद्घाटन समारोह को जल, नभ और थल से भव्य रूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को मूर्तिकला के जरिये प्रभु श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करने के निर्देश दिये थे, क्योंकि हमारी मूर्तिकला पूरे विश्व में सबसे पुरानी कला है। यह कला लोगों को युगों-युगों तक इतिहास से जोड़ती आई है। ऐसे में मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाली पीढ़ियों को युगों-युगों तक यादगार बनाने और कलाओं के संरक्षण- संवर्धन के लिए मूर्ति-शिल्प कला की कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिये थे। यही वजह है कि अयोध्या में मंदिर उद्घाटन के भव्य समारोह को इतिहास के काल खंडों में समृद्ध साक्ष्य के रूप में संजोने के लिए मूर्तिकला की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए देश और विदेश के दिग्गज मूर्ति और शिल्प कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। यह कलाकार रामायण परंपरा और प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों से जुड़ी हुई मूर्तियों का निर्माण करेंगे। वहीं इन मूर्तियों के जरिये प्रभु श्रीराम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

# जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता के श्रेष्ठतम रूप का दर्शन होता हैः राष्ट्रपति

**डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई महामहिम**

**बोलीं: यूपी में लोग मैं नहीं, हम बोलते यानी एक व्यक्ति भी खुद को समूह से जोड़ता है और यही भावना हमें भारतीय बनाती है**

**श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद, बोलीं: आपने देश को भारत रत्न दिया**

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जिन अस्पतालों में नर सेवा, नारायण सेवा की भावना प्रबल हो, वहां मानवता के श्रेष्ठतम रूप का दर्शन होता है। डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर का ध्येय इसी पर आधारित है। मानवता की सेवा का यह भाव सराहनीय है। प्रसन्नता है कि यह अस्पताल मानवता की सेवा भावना से कार्य कर रहा है।

उक्त बातें राष्ट्रपति ने सोमवार को लखनऊ के डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के 27वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं।

### इलाज 100 का कर सकते, लेकिन जनजागरूकता से हजारों लाभान्वित होंगे

राष्ट्रपति ने हार्ट केयर के डॉक्टरों से अनुरोध किया कि समाज के जन-जन को स्वस्थ हृदय के बारे में जागरूक करें। एक अस्पताल में 100, 200 व 500 का इलाज करते हैं, लेकिन जनजागरूकता से हजारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों को कम दर पर अच्छी





चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगे और हम सभी मिलकर स्वस्थ व समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे।

### लखनऊ ने देश को दिया 'भारत रत्न'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि परम श्रद्धेय अटल जी का लखनऊ के लोगों से गहरा रिश्ता था। आपने प्रतिनिधि के रूप में जहां अटल जी को चुना, वहीं देश को अद्भुत प्रधानमंत्री व भारत रत्न दिया। वे हमारे लोकतंत्र और लखनऊ के अनमोल ध्येय थे।

### यहां एक व्यक्ति भी खुद को समूह से जोड़कर देखता, यही भावना हमें भारतीय बनाती है

उन्होंने कहा कि आज वाराणसी की सुबह व अवध की शाम की तारीफ में बहुत कुछ लिखा जाता है। मैं सुबह वाराणसी और शाम को लखनऊ में हूं। यहां की तहजीब के किस्से बहुत लोकप्रिय हैं। मेरा जन्म स्थान ओडिशा है। हिंदी की गहरी जानकारी नहीं है, लेकिन गौर किया है कि यहां के लोग मैं कि जगह हम का इस्तेमाल करते हैं यानी एक व्यक्ति भी खुद को समूह से जोड़कर देखता है और यही भावना हमें भारतीय बनाती है। अलग धर्म, जाति, क्षेत्र राज्य व आस्था से जुड़े होने के बावजूद हमारी पहचान भारतीय ही है। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. एके श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया।

### सीएम योगी ने किया राष्ट्रपति का स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार शाम लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

## संक्षेप

### जमीन कब्जाने का प्रयास करने वाले दबंगो पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। जैतीखेड़ा गांव निवासी ललित कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया विपक्षी सूबेदार अपने भाई बाबूलाल व पिता जुराखन समेत मैकू व आदर्श के साथ लाठी डंडो से लैस होकर उसके खेत में कब्जा कर जबरन फसल बुआई कराने आ गये,विरोध करने पर उक्त सभी ने गाली-गालौज करते हुये मारपीट की कोशिश करते हुये कहा दोबारा खेत पर दिखाई दिये तो तुम्हे जान से मार देगे।पीड़ित किसान ने बताया कई अपराधिक मुकदमें दर्ज छेदालाल उसकी कृषि योग्य जमीन कब्जा कराने आये थे।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर पांच आरोपियों के विरूद्व जबरन अवैध कब्जा करने,बलवा समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

### फार्चून तेल के 150 कार्टून चोरी,मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। भागूखेड़ा गांव के पास 24दिन पहले फॉर्चून तेल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने के बाद उसमें लदे तेल के 150कार्टून चोरी हो गये थे।पीड़ित चालक की शिकायत पर सोमवार को पुलिस ने अज्ञात के विरूद्व चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं।जालौन के कालपी थाना क्षेत्र के महेबा गांव निवासी चालक श्याम किशोर सिंह ने बताया अडानी वेलमार लिमिटेड कम्पनी के फार्चून तेल के 2549कार्टून लादकर नीमच से लखनऊ आ रहा था,ट्रक लेकर वो जैसे ही 18नवम्बर की सुबह चार बजे के करीब मोहनलालगंज के भागूखेड़ा गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रक को बायी तरफ काटा तो सड़क किनारे गड्ढा होने से अनियंत्रित होकर तेल के कार्टूनों से भरा ट्रक पलट गया।दुर्घटना में घायल होने के चलते वो इलाज के लिये अस्पताल चला गया।इसी बीच मौके पर जुटे ग्रामीणो ने ट्रक में लदे फार्चून तेल के 150कार्टून चोरी कर मौके से भाग निकलें।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया पीड़ित चालक की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्व चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# विवाहिता की हुई मौत में पति समेत तीन पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई थी. जिसमें मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने का कारण स्पष्ट हुआ है।पुलिस ने विवाहित के पिता की तहरीर पर पति योगेंद्र, देवर वीरेंद्र, ननद मीना पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। माल निवासी इंद्रपाल यादव के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी बबली का 15 वर्ष पूर्व में रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव निवासी योगेंद्र यादव से किया था। विवाह के बाद से ही योगेंद्र दहेज के लिए बबली को प्रताड़ित करता था। बबली ससुराल वालों को शिकायत फोन पर करती रहती थी।लेकिन हम लोग सब ठीक हो जाने का भरोसा दिलाकर बेटी को चुप करा देते थे।लगभग पांच वर्ष पूर्व अपनी छोटी बेटी का विवाह किया था।उसमे हमने अपने छोटे दामाद को दहेज में कार दिया था। उसके बाद से बबली का पति योगेंद्र भी कार देने की मांग करने लगा। जब हमने कार नही दी तो योगेंद्र ने परिजनों के साथ मिलकर मेरी बेटी को मारकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने देने के लिए फांसी के फंदे पर लटका दिया।इस संबंध में एसओ अजीत कुमार ने बताया कि विवाहिता के पिता की तहरीर पर पति योगेंद्र, देवर वीरेंद्र, ननद मीना पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# रेलवे फाटक बंद होते समय पालेसर फंसा, टला बड़ा हादसा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** रहीमाबाद रेलवे क्रासिंग संख्या 241- सी का बूम सोमवार शाम बंद करते समय ट्रैक्टर में लगे पलेसर /धान मशीन में फंसने से फाटक टूट गया। यह संयोग रहा कि बूम के नीचे कोई नहीं था, गनीमत रही वहां पर मौजूद वाहन चालक खतरे को भापते हुए दूर हट गए, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के मैकेनिक पहुंचे और बूम की मरम्मत में जुट गए।इस दौरान स्लाइडिंग बूम के जरिए ट्रेनों का परिचालन कराया गया। स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि शाम करीब 7 बजे ट्रेन आने की सूचना पर वह गेट बंद कर रहे थे, तभी ट्रैक्टर में लगे धान मशीन में फंसकर बूम टूट गया। कोई जान माल की क्षति नहीं हुई है।इसकी सूचना स्टेशन मास्टर सहित कंट्रोल रूम को दे दी गई है। हालांकि ट्रेनों के परिचालन पर इसका कोई असर नही पड़ा है।

काफी समय तक लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बूम टूटने से लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए इसे मजबूत बनाने की मांग की है। कहा कि अगर जल्द ही इसे सही तरीके से नहीं लगाया गया तो कभी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

# घटघटा बाबा तीर्थ स्थल का तहसील प्रशासन ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। क्षेत्र में धर्म एवं संस्कृति को बढावा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। जो मंदिर काफी समय से जर्जर हालत में थे उन्हें जीर्णोद्धार करके व धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करके नई दिशा प्रदान की जा रही है।इसी क्रम में माल क्षेत्र के घटघटा बाबा तीर्थ स्थल का एक अलग ही महत्व है। कहते हैं इस जगह पर कई धार्मिक मान्यताओं को बल मिलता है, व सनातन धर्म की संस्कृति व परम्परा का सजीव चित्रण व उदाहरण इस तीर्थ स्थल पर देखने को मिलता है। उधर मवई के धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अनियमितता को लेकर आलाकमान से शिकायत की थी।जिसपर अधिकारी के निर्देश पर मलिहाबाद तहसील प्रशासन की टीम ने निरीक्षण कर यथास्थिति को समझा और शिकायत निराधार मिली। वहीं घटघटा बाबा तीर्थ स्थल पर एक प्रेमी जोडें ने संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में विवाह किया। और परिणय सूत्र में बधे। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती आरती ने परवनखेडा निवासी युवक मनोज रावत के साथ नवीन दम्पति के रूप में वैवाहिक जीवन की शुरूआत की।इस प्रेम विवाह में घटघटा बाबा तीर्थ स्थल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू, शैलेंद्र सिंह मुख्य पुजारी सहित वर व वधू पक्ष के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नशीला पदार्थ पिलाकर चलती कार में युवती से दुष्कर्म करने वाले तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। वजीरगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाने के बाद दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया। इस सिलसिले में पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने कैसरबाग स्थित अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाने के बाद दुष्कर्म करने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इनमें मड़ियाव थाना क्षेत्र में रहने वाला सत्यम मिश्रा, बाजारखाला निवासी मो. सुहैल और असलम है। मुकदमा दर्ज होने के 12 घंटे के भीतर ही इनकी गिरफ्तारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि लखनऊ की रहने वाली युवती ने 10 दिसम्बर की रात को वजीरगंज थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। उसने बताया कि उसका केजीएमयू में मानसिक चिकित्सालय विभाग से इलाज चल रहा है।पांच दिसम्बर को वह इलाज के लिए यहां पर आयी थी। चुंकि यहां पर मैं पिछले कई महीनों से आ रही है तो इस दौरान अक्सर चाय पीने के लिए वह हॉस्पिटल के बाहर सत्यम की चाय की दुकान में जाती थी। इस दौरान उसकी उससे जान पहचान हो गई थी।

पांच दिसम्बर को जब मैं डॉक्टर से मिलकर सत्यम की दुकान पहुंची तो उसका फोन डिस्चार्ज हो गया था।इस पर सत्यम ने अपनी जान पहचान की एम्बुलेंस में बने चार्जिंग प्वाइंट पर डिस्चार्ज मोबाइल को लगवा दिया। थोड़ी देर बाद पता चला कि एम्बुलेंस डालीगंज चली गई।इस पर सत्यम के कहने पर पर दुकान पर बैठे तीन लड़कों के साथ एक कार में बैठकर मोबाइल लेने चली गई। आरोप है कि तीनों उसे सफेदाबाद के पास एक ढाबा में ले जाकर नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद गाड़ी को हाइवे की ओर ले गये और उसके साथ गलत काम किया। बदहवास हालत में उसे मुंशी पुलिया पर छोड़कर भाग गए। वहां से वह अपनी सहेली के पास चली थी। इस घटना के बारे में उसने परिवार को बताते हुए आरोपितों के खिलाफ रविवार की बीती रात को मुकदमा दर्ज कराया है।

### बेखौफ चोरों ने एक टावर व बैटरी की पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरो ने एक टावर व जननेटर की बैटरी पार कर दी। मौके पर पहुंचे कम्पनी के टेक्नीशिय को घटना की जानकारी हुई। कम्पनी के टेक्नीशियन की तहरीर पर स्थानीय पुलिस अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर निवासी अमित सिंह विदेशिया कम्पनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। पुलिस को तहरीर में अमित ने लिखा कि बीते सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पिपरसंड में उनकी कंपनी का टावर लगा है। बीते 19 नवम्बर को वह मौके पर पहुंचे तो टावर व जनरेटर में लगी बैटरी गायब थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस कण्ट्रोल रूम को घटना की जानकारी दी। कैमरे की फटेज व ग्रामीणों से पूछतांछ के बाद भी कोई सुराग नही मिला। जिसके बाद उन्होंने पुलिस शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरो की तलाश कर रही है।

# एक्सीडेंट के बाद बीच सड़क पर तड़पते घायल की डॉक्टर ने बचायी जान

अमन लेखनी समाचार



बन्थरा। कहते हैं जब कोई बीमार हो या किसी पीड़ा से ग्रस्त हो तो पहले भगवान का नाम मुंह से निकलता है, फिर डॉक्टर में ही उसे भगवान दिखता है। अगर आपके मुश्किल समय एक अच्छा डॉक्टर मिल जाए और प्यार और मानवता की भावना से आपकी देखभाल करे तो उससे ज्यादा कुछ भी अच्छा नहीं। एक सड़क हादसे में घायल व्यक्ति तड़पता रहा, उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया और लोग तमाशबीन बने रहे। जब युवा डॉक्टर्स की नजर घायल पर पड़ी तो उन्होंने मौके पर ही उसका इलाज शुरू कर दिया। इससे घायल की जान बच गई।

कटीबगिया में एक वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया।देखते ही देखते वहां भीड़ लग गई, लेकिन घायल की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। इसी बीच प्रसाद मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉक्टर श्वेता सिन्हा अपने स्टूडेंट्स के साथ वहाँ से गुजर रही थी उनकी नजर घायल पर पड़ी तो वे वहाँ रुक गई और मौके पर ही पेशेंट को सीपीआर देकर इलाज शुरू कर दिया। प्राथमिक उपचार मिलने से युवक जान बच गई। इसी दौरान लोगों ने 108 एंबुलेंस को खबर कर दी लेकिन काफी टाइम तक एम्बुलेंस वहाँ नहीं पहुँची।इसी बीच वहाँ से गुजर रहे पत्रकार पंकज सिंह ने अपनी कार से पेशंट को नजदीकी प्रसाद हॉस्पिटल पहुंचाया जहाँ उसका इलाज चल रहा है।

### डॉक्टर ने मदद के लिए बढ़ाये हाथ

प्रसाद मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉक्टर श्वेता सिन्हा ने कहा कि सड़क पर घायल को देखा तो उसका प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। मानवता के नाते सभी को मदद के लिए आगे आना चाहिए। अगर घायल को समय पर सहायता मिल जाती है तो उसे बचाया जा सकता है।

# राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुष्पांजलि अर्पित कर दी गयी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सोमवार को हिन्दू जागरण मंच द्वारा श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व.सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी के सम्मान में एक विनम्र श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंच के जिला सह सयोंजक संतोष सिंह की अध्यक्षता में रहीमाबाद स्थित कार्यालय परिसर पर सम्पन्न हुआ। विगत पांच नवंबर को गोगामेड़ी की हत्या जयपुर के श्याम नगर स्थिति उनके आवास पर कर दी गई थी। श्रद्धांजलि सभा में क्षत्रिय समाज और भारी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र के समक्ष दो मिनट का मौन धारण कर वीर सपूत की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सूर्यभान शांडिल्य ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए और उनकी हत्या के षड्यंत्र में भागीदार रहे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत उनके बेटे वैभव गहलौत हत्या के सूत्रधार लारेंस विश्नोई, रोहित गोदारा के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की जाए जिला सह संयोजक संतोष सिंह ने कहा की स्व. गोगामेड़ी कमजोर और असहाय लोगों की आवाज थे। उनकी हत्या कर कमजोर लोगों की आवाजों को दबाने का प्रयास किया गया है। वे केवल क्षत्रिय समाज के ही नहीं सनातन धर्म और संस्कृति के रक्षक थे।उनकी हत्या राष्ट्रवाद के प्रसार को। रोकने का कुत्सित प्रयास है।वर्तमान समय मे देश में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम और तामसिक वृत्ति से प्रेरित रावण की विचारधारा साथ साथ चल रही हैं। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी श्री राम के विचारों पर चल कर समाज के कमजोर दलित और वंचित वर्ग के साथ खड़े रहते थे जो रावण विचार धारा वालों को पसंद नही था। अब राष्ट्र विरोधी शक्तियों के दमन के लिए हमे महाराणा प्रताप की विचार धारा अपना कर इन राष्ट्र विरोधी शक्तियों को खत्म करना होगा। आयोजन में जिला युवा प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, खंड माल संयोजक सत्येंद्र सिंह, मलिहाबाद संयोजक अजय सिंह, क्षत्रिय महासभा सम्पूर्ण भारत के जिला मीडिया सलाहकार रुद्र प्रताप सिंह, सत्यम सिंह गुलजारी लाल, मनोज सिंह, अवधेश सिंह, भैया लाल, समर्थ ठाकुर (तिलन), विहिप जिला कार्याध्यक्ष भूपेंद्र अर्कवंशी , कीर्तिराज सिंह ,सियाराम, कन्हैयालाल लोधी, सुरेश कनौजिया, मुन्ना सिंह प्रधान, कृष्णपाल प्रजापति सहित दर्जनों कार्यकर्ता व भारी संख्या में क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने सूचना निदेशक शिशिर सिंह का जन्मदिन उल्लास के साथ मनाया

**केक काटकर और पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, शॉल भेंटकर**

**व मिष्ठान्न वितरण करके पत्रकार बंधुओं ने किया खुशी का इजहार**

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ ।** सूचना निदेशक श्री शिशिर सिंह(आई.ए.एस.) का जन्मदिन बड़े ही उत्साह, उमंग व उल्लास के साथ पत्रकारों ने मनाया। पत्रकारों ने शिशिर सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की।इस अवसर पर सूचना विभाग में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने अपने लोकप्रिय सूचना निदेशक को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह,शॉल व मिष्ठान्न भेंट किया।इस अवसर पर श्री शिशिर ने पत्रकारों के साथ केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर पत्रकारों ने ईश्वर से सूचना निदेशक शिशिर जी के स्वस्थ, सुखी व दीघार्यु जीवन की प्रार्थना करते हुए कामना की कि वे लम्बे समय तक प्रदेश की सेवा करते रहें।उनके कुशल नेतृत्व में पत्रकार साथियों की भी उन्नति हो और उनकी जायज मांगो पर उचित निर्णय हों।इस अवसर पर शिव शरण सिंह सचिव उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति, अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शुक्ला, अशोक नवरत्न,अब्दुल वहीद,जुबैर अहमद, देवराज सिंह, शिव विजय सिंह, भारत सिंह, अजीज सिद्दीकी, नजम अहसन,आलोक गुप्ता,अजय सिंह,सुनील,छायाकार आरिफ मुकीम , शहरयार खान, विजय मिश्रा, खुर्रम निजामी, राकेश शुक्ला, अंब्रिश सिंह, अनूप सिंह, गौरव सिंह के साथ ही भारी संख्या में पत्रकारगण मौजूद थे। इस मौके पर शिव शरण सिंह सचिव उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति, वरिष्ठ पत्रकार जुबैर अहमद एवं अब्दुल वहीद ने कहा कि शिशिर जी के नेतृत्व में प्रदेश का सूचना निदेशालय नई ऊँचाइयों को छू रहा है और पत्रकारों के हित संरक्षण में भी शिशिर जी अतुलनीय भूमिका निभा रहे हैं, परमपिता परमात्मा से यही कामना है कि शिशिर जी सदैव स्वस्थ व सानन्द रहें और दीघार्यु हों । हिंदी दैनिक अमन लेखनी के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह चौहान ने सूचना निदेशक श्री शिशिर सिंह जी को जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की हैं ।

# पीएनसी द्वारा कानपुर एलिवेटेड रोड का धीमी गति से कराया जा रहा निर्माण कार्य

**राहगीरों के लिए मुसीबत बना जाम।**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ।पीएनसी द्वारा कानपुर एलिवेटेड रोड का धीमी गति से कराया जा रहा निर्माण कार्य सरोजनीनगर के गौरी बाजार से कटी बगिया तिराहे तक वाहन सवारों व राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।इसको लेकर सबसे ज्यादा गौरी और बंथरा वासियों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है।कानपुर एलिवेटड रोड निर्माण को लेकर पीएनसी द्वारा डिवाइडर के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेटिंग लगाने के कारण कानपुर रोड की दोनों पटरियां संकरी हो जाने से जहां आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। सोमवार की सुबह से ही स्कूटर इण्डिया चौराहे से लेकर शांतिनगर तक कानपुर रोड पर जाम के हालात बन गए। जिससे कानपुर रोड के किनारे मौजूद दुकानों की बिक्री भी बुरी तरह प्रभावित रही।

गौरतलब है कि सोमवार व शुक्रवार को सरोजनीनगर के गौरी में साप्ताहिक बाजार लगती है। इसके चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग सब्जी व अन्य सामाग्री खरीदने आते है।स्थानीय पुलिस व पीएनसी कंपनी के कर्मचारियों की उदासीनता के चलते गौरी बाजार के स्कूटर इण्डिया चौराहे से लेकर शांतिनगर तक भीषण जमा लगा रहा। सुबह करीब 11 बजे उत्पन्न हुई यह समस्या शाम तक जारी रही। यहां करीब डेढ़ किलोमीटर दूर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। भयंकर जाम के कारण राहगीरों को यहां से गुजरने में घंटों का समय लग गया। करीब छह घंटे से अधिक समय तक बने जाम के हालात की वजह से वाहनों को रेंग-रेंग कर ही निकलना पड़ा। लोगों का कहना है कि आए दिन लगने वाले जाम के कारण उनके बच्चे जहां समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं, वहीं नौकरी पेशा लोगों को भी लेट लतीफी का दंश झेलना पड़ रहा है।जबकि दुकानदारों की माने तो पीएनसी कंपनी द्वारा काफी धीमी गति से निर्माण कर किया जा रहा है। जिसकी वजह से आए दिन कानपुर रोड पर भयंकर जाम के हालात पैदा होने से उनकी बिक्री बुरी तरह प्रभावित होती रहती है।

# नाराज युवक ने लड़की के भाई को लात घुसों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। जबरौली गांव निवासी शुभम सैनी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया वो मोहनलालगंज कस्बे के कालेश्वरपुरम कालोनी में किराये के मकान में परिवार सहित रहता है,बीते श?निवार को उसकी छोटी बहन कंचन का विवाह था,जहां देर रात्रि बारातियों व उसके गांव के आर्यन समेत कुछ लड़को के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गयी थी,सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तीन लोगो को हिरासत में लेकर थाने ले गयी थी।शुभम सैनी ने बताया सोमवार को वो अपने गांव से बाइक से मोहनलालगंज बाजार पत्तल लेने जा रहा था तभी आर्यन ने अपने घर के सामने उसे रोक लिया ओर मारपीट करने वाले बारातियों के घर का पता पुछने लगे जिसपे उसने जानकारी ना होने की बात कही तो नाराज आर्यन ने जबरन उसकी बाइक से चाभी निकाल ली ओर उसे जमीन पर गिराकर लात घुसो से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया।चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला।जिसके बाद पीड़ित शुभम ने घायल अवस्था में थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने मगंलवार को मेडिकल कराने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कहकर उसे चलता कर दिया।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया शिकायत मिली है चौकी इंचार्ज को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दियें गये है।

# किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की होगी तरक्की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पारदर्शीपूर्ण व्यवस्था के अन्तर्गत निष्पक्ष पदस्थापना/स्थानांतरण राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। सभी अभियंता अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए किसानों को खुशहाल बनाने के लिए तत्पर रहें, यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में सिविल संवर्ग के 06 मुख्य अभियंता (स्तर-1), 23 मुख्य अभियंता (स्तर-2) और 52 अधीक्षण अभियंताओं के ऐच्छिक विकल्प चयन के आधार पर पदस्थापना/स्थानांतरण के अवसर पर अभियन्ताओं से संवाद में कही। उन्होंने कहा कि आप सभी कड़ी मेहनत, पूर्ण निष्ठा एवं लगन से काम करते हुए कृषकों को समय से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएं, जिससे किसानों की आय बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर मा0 जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अनिल कुमार, प्रमुख अभियंता (परियोजना) अखिलेश कुमार, प्रमुख अभियन्ता यांत्रिक ओम प्रकाश पाठक तथा सम्बंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# वारन्टी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लखनऊ।निगोहां पुलिस ने छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के मुकदमें में न्यायायल से एलबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे वारण्टी को सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से वारण्टी को जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया थाना क्षेत्र के एक गांव में 28अक्टूबर 2019 को घर की छत में सो रही किशोरी से युवक आशीष द्वारा छेड़छाड़ मामले में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एलबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से आरोपी आशीष निवासी नंदौली थाना निगोहां फरार चल रहा था,सोमवार को दारोगा माजिद फारूकी ने पुलिस टीम के साथ वारंटी आशीष के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## संक्षेप

### चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बीघापुर, उन्नाव। नाबालिक बच्चे को बहला फुसलाकर तथा शराब पिलाकर उसी के घर में मां के जेवरों की चोरी कराने वाले आरोपी को पुलिस ने सोने के जेवर सहित गिरफ्तार किया पुलिस सुलह समझौते में लगी।बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम आकमपुर निवासी सोनी अवस्थी पत्नी अजय कुमार अवस्थी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया 6 दिसंबर बुधवार को रिश्तेदारी में एक समारोह में सम्मिलित होने अपने पति व दो बच्चों के साथ ऊंचगांव गई थी। मेरा नाबालिक लड़का ओम जी घर पर था परिवार के दुर्गेश उर्फ गोलू पुत्र अशोक कुमार अवस्थी बहका फुसला दारू पिलाया कर व घर में रक्खे मेरे सारे जेवर चोरी कर लिए जिसमें दो चादी के आभूषण एक जोड़ी कान के टप सोने की नाक की नथनी सबका वजन लगभग 15 ग्राम चोरी कर लिए तथा उन्हें चोरी से बिकवा भी लिया। जब पीड़िता 7 दिसंबर को वापस घर आए तो देखा सारा सामान गायब था लड़के से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दुर्गेश उर्फ गोलू के कहने से मैने चोरी से सामान निकाल कर सोनार के यहां बेच दिए हैं। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश को चोरी के जेवर सहित गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखने की बात स्वीकार की किंतु समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई पुलिस मामले के सुलह समझौते में लगी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले और बुलंद होंगे।

### वन विभाग दरोगा ने गांव पहुंच कर की जांच

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र फिरोज पुर जसमडा गांव निवासी प्रदीप शुक्ला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि खेत में सात वर्ष पुराने आम के 27 पौधो को गांव के ही राम नरेश मौर्य ने शनिवार की बीती रात को काट डाला पीड़ित किसान सुबह खेत देखने गया तो आम के पौध कटे देख दंग रह गया पीड़ित ने 112 नंबर डायल सहित सीओ को सूचना दी , सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी राम नरेश पर एनसीआर दर्ज कर वन विभाग से जांच रिपोर्ट मांगी सोमवार को वन विभाग दरोगा श्री कांत मौके पर पहुंच कर खेत में काटे गए पौधो की जांच कर वन सीओ को सौंपी वन विभाग दरोगा श्री कांत ने बताया की मौके पर जांच की गई है 27 आम के पौध काटे गए है जांच रिपोर्ट बनाकर विभाग को दे गई।

### तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

सफीपुर, उन्नाव।तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर ही हुई युवक की दर्दनाक मौत.दुर्घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.कोतवाली क्षेत्र के अटवा मोहाल ओसिया गांव निवासी रजनीश पुत्र संभू दयाल अपनी बाइक से उन्नाव की ओर से आ रहा था तभी उन्नाव हरदोई मुख्य मार्ग स्थित फत्तेहपुर गांव के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# श्री कृष्ण व प्रभु श्री राम की लीलाओं का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में बीते दिवस की लीलाओं में कंस वध लीला एवं राम सीता का विवाह व द्वारिकाधीश द्वारा रुक्मणी हरण लीला का मंचन देवकीनंदन शर्मा रासलीला मंडल वृंदावन के कलाकारों द्वारा बड़े ही भव्य आकर्षक एवं मनमोहक ढंग से किया गया।शाम की लीला में कंस वध का मंचन हुआ।नंद को संदेश भेजकर उत्सव के बहाने भगवान श्री कृष्ण और बलराम को कंस ने मथुरा बुलाया। मथुरा नगरी में प्रवेश द्वार पर कंस ने मुस्टिक और चाडूर नामक दैत्य राक्षसों को खड़ा किया था। कृष्ण के मथुरा द्वार पहुंचने पर उन दैत्यों ने कृष्ण और बलराम को कुश्ती लड़कर प्रवेश करने को कहा। बाल रूप में कृष्ण और बलराम ने मल्ल युद्ध कर दोनों राक्षसों का कुश्ती के माध्यम से मुस्टिका मार मर्दन कर दिया। और आगे बढ़ गए। वहां पर आगे कंस तक पहुंचाने के मार्ग में खूनी हाथी मौजूद था। देवकीनंदन ने खूनी हाथी से युद्ध कर उसे भी मार डाला और आगे बढ़ कंस तक पहुंच गए। अंत में देवकी के लाल ने बाल पड़कर कंस को सिंहासन से खींच लिया। और धराशाई कर उसको भी मार डाला। तथा महाराज उग्रसेन को गद्दी पर बैठा दिया।लीला पंडाल में सुबह की रामलीला में राम सीता विवाह संपन्न हुआ।लीला में सहयोग करने वाले अनेक लोगों सहित घनश्याम गुप्ता के पुत्र रिंकू गुप्ता ने विवाह की (पै. पुज्जी) की समस्त रस्में निभाते हुए पाणि ग्रहण संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। और यथा स्वेच्छा समस्त संकल्पित फल और धन सोने चांदी के द्रव्यों का दान किया। भगवत लीलाओं के मंचन क्रम में भगवान श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह का भी मंचन किया गया।इस लीला में भगवान कृष्ण एक साधारण वेश में रुक्मणी के स्वयंवर में पहुंचेथे किंतु रुक्मणी ने उन्हें पहचान कर उनके गले में ही वरमाला डाल दी। श्री कृष्णा रुक्मणी को रथ पर बिठा कर वहां से चल दिए। तत्पश्चात रुक्मणी के भाई एवं अन्य विद्रोही राजाओं द्वारा श्री कृष्ण से युद्ध किया गया। किंतु रण क्षेत्र में द्वारिका नंदन ने सभी राजाओं को परास्त कर रुक्मणी के निवेदन पर उनके भाई को जीवन दान देक अभय कर दिया। लीला मंचन के दौरान ही डॉ. स्वामी देवकीनंदन शर्मा महाराज जी द्वारा जिला पंचायत सदस्य गुड्डू मिश्रा, विनोद मिश्रा, पप्पू गुप्ता बर्तन वाले, पूनम गुप्ता, राज विश्वास, संजीव कुमार गुप्ता फतेहपुर 84, अमित गुप्ता, छोटा बाबू गुप्ता, विशाल गुप्ता चौक सरार्फा कानपुर, तनय अवस्थी अवस्थी टेंट हाउस, एवं राजू कुशवाहा प्रधान शकहन आदि को राधा कृष्ण स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस दौरान लीला दशकों में सैकड़ो नर, नारी बाल वृद्धि उपस्थित रहे।

# मामा-भांजे सेना में हुए लेफ्टिनेंट, बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील के अंतर्गत जलिमगंज बिहार निवासी भगवानबक्स सिंह का एक पुत्र व एक नाती ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर बैसवारा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

जलिमगंज निवासी भगवानबक्स सिंह खुद सेना से सेवानिवृत्त है ।पिता व माता राजकुमारी की प्रेरणा से उनके बड़े पुत्र दुखहरण सिंह ने भी सेना में क्लर्क की नौकरी हासिल की।जबकि छोटे लड़का हरिकरन सिंह भी सेना में नौकरी पा गया।बड़े लड़के दुःखहरण सिंह ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा की शुरूवात त्रिवेणी काशी इंटर कालेज बिहार से की उसके बाद सुमेरपुर एवं आर आर बी एन इंटर कालेज से अपनी हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की ।इंटर उपरांत स्नातक पढ़ाई हेतु के के वी डिग्री कालेज लखनऊ चले गए।पढ़ाई के दौरान ही 2001 में सेना में क्लर्क के पद पर चयनित हो गए। उन्होंने सेना में रहकर इन्जीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और 22 साल की सेवा के बाद लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हो गए। वर्तमान समय मे वह देहरादून में तैनात है। उनकी पत्नी विभा सिंह राठौर अपने बड़े बेटे आरव सिंह को कंप्यूटर साइंस से बी टेक करवा रही जबकि छोटा बेटा अर्जुन अभी अध्ययनरत है।

भगवान बक्स की दो पुत्रियो में सबसे बड़ी पुत्री रंजना की शादी रविन्द्र सिंह निवासी पनई बुजुर्ग भगवन्तनगर के साथ हुई।रविन्द्र सिंह भी सेना में सूबेदार मेजर थे।रविन्द्र के पुत्र अमन सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा भगवन्तनगर से करते हुए आर्मी स्कूल प्रयागराज से करने के बाद देहरादून से आई एम ए पास किया।ट्रेनिग उपरांत अमन सिंह सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित किये गए।मामा भांजे द्वारा बैसवारा क्षेत्र का गौरव बढ़ाने के लिए क्षेत्रवासियों में पुष्पेंद्र सिंह,पिंटू सिंह, कमल बहादुर सिंह,रिंकू शुक्ला,सुंदरलाल बाजपेयी,कपिल गुप्ता,महेश गुप्ता आदि ने हर्ष ब्यक्त किया है।

# विधायक ने वितरित किया प्रशस्ति पत्र, बांटे आयुष्मान कार्ड

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। ग्राम पंचायत पूरा चाँद में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के विषय मे बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन लोक कल्याणकारी योजनाओं को बिचौलियों को हटाकर सीधे जनता तक पहुंचाने का काम किया है। मोदी योगी की सरकार ने गरीबो को इलाज मे खेत गहने अब गिरवी नही रखना पड़ता बल्कि 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मोदी सरकार के आयुष्मान कार्ड देता है।इसके अलावा देश में 85 करोड़ लोगों तक राशन पहुंचाने का काम भी किया उज्ववला सिलेण्डर, किसानों को किसान सम्मान निधि सहित दर्जनों योजनाएं गरीबों के लिए चलाई जा रही। 2047आजादी की सताब्दी तक देश को विश्व की आर्थिक, सामाजिक, व्यावसायिक स्थिति को पहले स्थान पर पहुंचाने का लक्ष्य है।कृषि यंत्रों के



सब्सिडी प्रशस्तिपत्र भी विधायक बंबालाल दिवाकर द्वारा वितरित किए गए। इस मौके पर ग्राम के सैकड़ों लोगों के साथ साथ,कार्यकर्त्ता भी उपस्थित रहे।

# चार बच्चो की करंट से हुई थी मौत पहेलियों में उलझा मामला

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव लालमनखेड़ा में चार बच्चों की हत्या के मामले में उन्नाव पुलिस द्वारा जारी बिसरा के संबंध में जारी प्रेस नोट में बच्चो की मौत करंट से होना बताया गया है पुलिस द्वारा जारी इस प्रेस नोट के बाद अभी तक के मामले में पिता ने स्वम स्वीकार किया था कि उसने ही अपने बच्चो को जहर देकर व गला दबाकर मारा था। पूरे मामले में कई अनसुलझे रहस्य अभी भी बने है। बिसरा रिपोर्ट के बावत जब माता शिवदेवी से बात की गई तब उन्होंने कहा मैं और मेरा परिवार कैसे मान ले कि मेरे बच्चो की मौत करेंट से हुई है। बिजली विभाग द्वारा फरार्टा पंखा और बिजली के बोर्ड को भली भांति चेक किया गया था लेकिन कही भी करंट नही आ रहा था।नामित अभियुक्त को जहां पुलिस ने जेल भेज दिया है वही करंट से मौत साबित होने के बाद क्या पिता के बयान झूठे थे।क्या पुलिस ने मामले को दबाने के लिए पिता से झूठ उगलवाया। मृतक बच्चों की मां शिव देवी का रो रो कर अभी भी बुरा हाल है। जेठ राजेंद्र ने बताया कि घटना के बाद से उसकी छोटी बहू शिव देवी बच्चो को खोने के बाद से मानसिक रूप से परेशान है।खाने के नाम पर एक रोटी सुबह व एक रोटी शाम को ही ले रही हैं।समझाने के बाद भी आंखों से आंसू बंद नहीं हो रहे। तहसील प्रशासन द्वारा कोई आर्थिक सहायता न मिलने से शिव देवी के आगे जीविका का संकट खड़ा हो गया है।

ज्ञात हो लालमनखेड़ा में 19 नवंबर को मयंक 9, हिमांशी 8, हिमांक 6, मांशी 4 की जहर देने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई थी।पुलिस ने जहां मामले में 11 दिन बाद मामला दर्ज किया और बच्चों की हत्या स्वीकार करने वाले पिता को पुलिस ने 2 दिसंबर को जेल भेज दिया।घटना के 18 दिन वे बिसरा रिपोर्ट आने के बाद शिव देवी ने कहा कि पुलिस के कार्य शैली शुरू से ही संदिग्ध रही है पहले दिन से ही घटना की जानकारी पुलिस को होने के बावजूद भी बिजली के करंट लगने से बच्चों की मौत की कहानी बताई जाती रही।पुत्रों की हत्या गांव में ही प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका द्वारा वीरेंद्र को उकसाकर करवा दी गई।

शिव देवी ने बताया कि वह फिर से मुख्यमंत्री पोर्टल पर उन्नाव पुलिस की शिकायत व बारा सगवर थाने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगायेगी। चार-चार मासूमों की मौत के बाद पुलिस का रवैया ठीक नही है।उन्नाव पुलिस से न्याय की उम्मीद भी नहीं है।थानाध्यक्ष दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया बिसरा रिपोर्ट में बच्चो की मौत करेंट से होना बताया गया। आगे की विधिक कार्यवाही उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार होगी।

# नवीन शिक्षण कक्षों का जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के स्थानीय श्याम लाल इंटर कॉलेज के नवीन शिक्षण कक्षों का भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथ के रूप में पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक ने भूमि पूजन कर नवीन शिक्षण कक्षों का किया शिलान्यास। भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह ने कहा की इंटर कॉलेज की आधारशिला एक समय दानवीर बाबू श्यामलाल गुप्ता के द्वारा रखी गई थी,और आज पुनः कमेटी के प्रबंधक व अन्य सहयोगियों के द्वारा नवीन शिक्षण कक्षों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है,यह सराहनीय कार्य है, नवीन शिक्षण कच्छ बन जाने से शिक्षा ग्रहण करने वाले आने वाले छात्रों को राहत मिलेगी।और विद्यालय में छात्रों की संख्या भी बढ़ेगी उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा की विद्यालय के शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करा रहे हैं जो बधाई के पात्र है। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंधन कमेटी के प्रबंधक मनोज गुप्ता,उपाध्यक्ष जगतपाल सिंह,उप प्रबंधक विजय प्रताप सिंह ,और विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप सिंह ,शिक्षक धर्मेश प्रताप सिंह ,समीमुर रहमान सिद्दीकी, प्रेम प्रकाश ,सियाराम, प्रेम नारायण, संतोष कुमार तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र पर रैतिक परेड का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र, दोस्तीनगर, उन्नाव में प्रान्तीय रक्षक दल (पी०आर०डी०) विभाग का 75वाँ स्थापना दिवस (हीरक वर्षगाँठ) के उपलक्ष्य में रैतिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के 16 विकास खण्डों से 01 महिला टोली व 02 पुरुष टोली ने रैतिक परेड में भाग लिया, जिसमें महिला टोली की कमाण्डर सुश्री सुलोचना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मुख्य विकास अधिकारी,द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यकम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज (आई०ए०एस) ने परेड का निरीक्षण कर रैतिक परेड का मान प्रणाम लेकर किया। जिला कमाण्डेन्ट पी०आर०डी० श्री शिवराम सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत, वैज अलंकरण, बुकें भेट कर विभागीय गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। 75वें पी०आर०डी० स्थापना दिवस समारोह के विजेताओं को पुरस्कार वितरण कराया गया। 75वे पी०आर०डी० स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में रिटायर्ड कर्मचारी/अधिकारियों को भी शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

समारोह में वालीबाल, कबड्डी एवं रस्साकशी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुयी जिसमें उन्नाव योद्धा विजयी हुयी। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने उद्द्योधन में समस्त अधिकारियों एवं पी०आर०डी० स्वयंसेवकों को 75वें स्थापना दिवस (हीरक वर्षगाँठ) की बधाई देकर आयोजन की सराहना की गयी। जिला कमाण्डेन्ट द्वारा समारोह में आये मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, पत्रकार बन्धु व अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं पी०आर०डी० अधिकारियों व स्वयंसेवकों को धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन की उद्घोषणा की।कार्यकम में मुख्य अतिथि के अलावा विभागीय समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

# दो बाइकों की आमने सामने भिंडत में दो की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।हादसे में बाइक सवार महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।वहीं महिला व युवक की हालत नाजुक देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हरदोई जिला के कासिमपुर थाना क्षेत्र के पालेपार गांव के रहने वाले गुड्डू अपने नाना नंदलाल के घर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव गया था।इस दौरान वह गिरकर जख्मी हो गया।सूचना मिलने पर पिता सरनाम 40 वर्षीय पत्नी सूरजा देवी व गांव के ही निवासी मुकेश के साथ गुड्डू को देखने बाइक से जैतपुर गांव जा रहे थे।तभी संडीला मार्ग पर सामने से आ रहे बाइक सवार मल्लावां थाना क्षेत्र के ऊंचगांव के रहने सुधीर (41) से भिडंत हो गयी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में दोनों बाइक सवार चारों लोग उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर घायल हो गये।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सरनाम व दूसरे बाइक चालक सुधीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरजा देवी व मुकेश की हालत को गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिए हैं। घटना के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

# ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर नाती की मौत, बाबा की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर लोन नदी के पास तेज रफ्तार सिलिंडर लदे ट्रक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। घटना में पीछे बैठे पौत्र की मौत हो गई।पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया।जहा पर बाबा का इलाज चल रहा है।सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रयागनारायण खेड़ा निवासी मेवालाल शुक्ला 62 पुत्र रामस्वरूप की लखनऊ के सरोजनीनगर में रहने वाली नातिन की रविवार को शादी थी। मेवालाल पौत्र कार्तिकेय शुक्ला(19) के साथ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से सोमवार सुबह मेवालाल अपने पौत्र कार्तिकेय के साथ स्कूटी से और कार्तिकेय के पिता अनिल कुमार अपने छोटे बेटे मानस के साथ दूसरी बाइक से घर लौट रहे थे। स्कूटी मेवालाल चला रहे थे। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सुबह करीब आठ बजे दही थानाक्षेत्र के लोन नदी के पास तेज रफ्तार सिलिंडर लदे ट्रक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे मेवालाल तो उछलकर दूर जा गिरे। जबकि स्कूटी उसी ट्रक में फंस गई और करीब 50 मीटर घिसटते चली गई। जिससे कार्तिकेय घसिटने से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक और क्लीनर गाड़ी छोडक? भाग निकले।साथ रहे कार्तिकेय के पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टर ने पौत्र को मृत घोषित कर दिया।जबकि मेवालाल का इलाज चल रहा है। मौत की खबर से कोहराम मच गया। मृतक कार्तिकेय दो भाइयों में बड़ा था।बेटे की मौत से मां प्रीती व अन्य परिजन रो रोकर आहत हैं। दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि ट्रक में सिलिंडर लदे हैं। चालक और क्लीनर मौके से भाग निकले। दोनों का पता लगाया जा रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग ने सुमंगला योजना पर दिया जोर

### बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत महिला चिकित्सालय में शिशुओं को मिली बेबी किट समेत अन्य सामग्री

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद के महिला चिकित्सालय परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका रेखा रानी द्वारा चिकित्सालय में जन्मी लगभग दो दर्जन नवजात बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रसूता को बेबी किट मासकीटो बैड कंबल खिलौने तथा जन्मदात्री मां को साड़ी वस्त्र आदि भेंट की गई कार्यक्रम के तहत सुमंगला योजना पर जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका ने बेटियों के माता-पिता को इस योजना का लाभ बताकर लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान कार्यालय के सभी चिकित्सा कर्मचारियों को भी अधीक्षिका ने निर्देशित किया कि हाल ही में जन्मी बेटियों के माता-पिता को भी प्रेरित करते हुए सुमंगला योजना जैसी कल्याणकारी योजना से जोड़ने का कार्य करें इस मौके पर महिला कल्याण अधिकारी पूनम तिवारी जिला समन्वक सरिता भारती समेत महिला चिकित्सालय के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा किसान की नीचे दबकर हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।खेत जोतकर वापस आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया ,ट्रैक्टर चला रहे किसान की दबकर मौत हो गई , परिजनो ने मौत की सूचना पुलिस को दी , कोतवाली क्षेत्र खेरवा अलादादपुर गांव निवासी अनुराग सिंह 50 वर्ष पुत्र अमर सिंह सोमवार को सुबह 11 बजे गांव के ही ह्रदय का खेत जोत कर वापस लौट रहा था तभी गांव के बाहर असीवन ब्रांच से निकली नहर में नवी नगर खेरवा के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिसके नीचे दबकर किसान की मौत हो गई।पास के खेत में काम कर रहे किसानो ने किसी तरह ट्रैक्टर को उठाकर शव बाहर निकाल कर परिजनो को सूचना दी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मृतक के दो बेटे बड़ा बेटा अजीत सिंह, आकाश सिंह, सहित पत्नी पुष्पा का रोरोकर बुराहाल है ।मृतक ट्रैक्टर चला कर परिवार का पालन पोषण करता था।कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# सई नदी पुल मरम्मतीकरण के कारण लोगों को हो रही हैं दिक्कतें

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव।सई नदी पुल पर से आवागमन बंद होने के बाद नगर अध्यक्ष औरास राकेश कुमार के द्वारा लोगों की समस्याओं को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराई गई थी जिससे कि लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत ना हो लेकिन गाड़ियां निकलती रही और धीरे-धीरे वैकल्पिक मार्ग गड्ढों में तब्दील होने लगा वही अस्थाई मार्ग के खराब होने की सूचना पर नगर पंचायत औरास प्रशासन के द्वारा सोमवार को जेसीबी की मदद से ईटे आदि डलवाई गई थी जबकि अस्थाई पुल से लगभग हजारों की तादात में गाड़ियां रोज निकलती हैं

राहगीरों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को चाहिए था कि जब तक पुल का दुरुस्तीकरण ना हो जाए तब तक के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करें लेकिन पीडब्ल्यूडी ने अपनी जिम्मेदारियो से अपना पल्ला झाड़ लिया है मानो जैसे लोक निर्माण विभाग अपनी दोनो आंखे मूंद कर बैठ गया है व कुंभकर्णी नींद से अभी नहीं जाग रहा है मानो किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक अगर कोई वैकल्पिक मार्ग पर कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा यह सोंचनीय विषय है इस संबंध में जब जिलाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग से संपर्क स्थापित कर समस्या का निदान कराया जाएगाउपरोक्त मामले में जब जेई औरास महेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वैकल्पिक मार्ग के लिए हमारे पास कोई भी बजट नहीं है फिर भी औरास नगर प्रशासन और पीडब्ल्यूडी मिलकर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है और यदि वैकल्पिक मार्ग खराब हुआ है तो उसके लिए राबीश व ईट की व्यवस्था की जा रही है जिससे कि वैकल्पिक मार्ग सुचारू रूप से चालू रहे और लोगों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो विकास खंड औरास के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में क्षेत्र के अनेकों गावों के नौनिहाल बच्चों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कभी कभी बच्चे ऊबड़ खाबड़ वैकल्पिक मार्ग पर गिरकर चुटहिल हो जाते है क्षेत्र के निवासियों में सुरेंद्र कनौजिया, युवा सभासद मोनू कनौजिया, सुजीत कश्यप, ललित कनौजिया, महेंद्र पासी आदि लोगों ने बताया की पी डब्लू डी विभाग ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए था।

चिंतन

# शिक्षा में तकनीक अनुरूप बदलाव की आवश्यकता

देश में शिक्षा में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। इसे कौशल आधारित बनाने की जरूरत है। जैसे दक्षिण कोरिया, जापान, फिनलैंड आदि देशों ने किया है। आज विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है, डिजिटल तकनीक द्रुत गति से बदल रही है, ऐसे में परंपरागत शिक्षा बाजार व उद्योग की जरूरत को पूरा नहीं कर पाएगी। प्रबंधन के क्षेत्र में नित नए तकनीकी कौशल के आने से वर्कफोर्स को नई दक्षता की जरूरत पड़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर तरह तरह की नकारात्मक व सकारात्मक बातें की जा रही हैं, लेकिन यह तय है कि एआई विश्व की समूची शिक्षा व्यवस्था व पाठ्यक्रम को बदलने वाली है। भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या के साथ युवा आबादी वाला देश भी है, ऐसे में सबके लिए अनस्किल्ड जॉब संभव नहीं है, दूसरी अहम बात की तेजी से तकनीकी बदलाव के चलते जॉब मार्केट की मांग भी उसी अनुरूप बदल रही है। इन सब चीजों को देखते हुए भारत की अपनी प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक पाठ्यक्रमों को स्किल डेवलपमेंट बेस्ड बनाना चाहिए। इसके लिए सरकार को अपने स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी जैसे उपलब्ध संसाधन का इस्तेमाल करना चाहिए, बजाय इसे स्किल इंडिया के क्रियान्वयन के वर्तमान तरीके से चलाने के। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के समावेशी विकास के लिए प्रबंधन संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में तकनीक आधारित बदलाव लाने की जरूरत को रेखांकित किया है। राष्ट्रपति ने कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने की अपील की है और भारतीय प्रबंधन अध्ययन को भारतीय कंपनियों, उपभोक्ताओं और समाज से जोड़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों के व्यवसायों के बारे में 'केस स्टडी' और लेखों के बजाय देश में मौजूद भारतीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बारे में 'केस स्टडी' लिखी और पढ़ाई जानी चाहिए। राष्ट्रपति ने एआई पर कहा कि प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के कारण बहुत से लोगों में नौकरियां जाने को लेकर भय है, लेकिन जो एआई के बारे में जानता है और उचित तरीके से उसका इस्तेमाल करता है उसे प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के कारण नौकरी जाने का भय नहीं होना चाहिए। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने शिक्षण, अध्ययन और शिक्षा के परिदृश्य को नया आकार देने पर मौलिक पुनर्विचार की आवश्यकता पर बल दिया है। एआई का दुरुपयोग रोकने और युवाओं को प्रौद्योगिकी पर आधारित निरंतर बदलते भविष्य का सामना करने के वास्ते तैयार करने के मद्देनजर नीतियां बनाने की आवश्यकता है। दुनिया मानव विकास के एक निर्णायक मोड़ पर है क्योंकि मशीन हमारे जीने के तरीके, हमारे काम करने के तरीके और यहां तक कि मानव होने के अर्थ को भी गहराई से बदल रही है। एआई के इस नए युग में मशीन और मानव के एक साथ काम करने के बीच एक सहजीवी संबंध होने जा रहा है। हमारे युवाओं को प्रौद्योगिकी और एआई पर आधारित अनिश्चित और लगातार बदलते भविष्य का सामना करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है और यह स्किल बेस्ड शिक्षा को आत्मसात करने से संभव होगा। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास पर जोर है, लेकिन इसे शत प्रतिशत अमल में लाने की जरूरत है। शिक्षा को उद्यमपरक बनाने से ही समृद्ध भारत, आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत का लक्ष्य साकार लेगा।



राष्ट्र निर्माण
डॉ. सत्येंद्र किशोर मिश्र

# सामाजिक लोकतंत्र का लक्ष्य शेष

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने ताउम्र गरीबों, वंचितों और मजलूमों के लिए संघर्ष किया। बाबासाहेब प्रत्येक नागरिक के साथ समान मानवोचित एवं गरिमापूर्ण व्यवहार को समतामूलक समाज हेतु अपरिहार्य मानते थे। उनके सामाजिक न्याय, संवैधानिक व्यवस्था एवं सियासत संबंधी विचारों की बुनियाद में उनका आर्थिक दर्शन था। बाबासाहेब के अनुसार सामाजिक समता एवं बंधुत्व के बगैर राजनीतिक स्वतंत्रता बेमानी है। उनका मकसद नागरिकों के लिए मौलिक अधिकारों की गारंटी सुनिश्चित करने तक ही सीमित न होकर ऐसे समाज की संकल्पना में था, जिसमें स्वतंत्रा, समता हो। उन्होंने आत्मगौरव के साथ सामाजिक समता बढ़ाने का प्रयास किया।

आज की राजनीति क्या बाबा साहेब के सपनों के सामाजिक लोकतंत्र के लक्ष्य को हासिल कर पा रही है? बाबासाहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने समाज के मजलूम वर्गों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। बाबासाहेब ने समाज में जहां भी अन्याय देखा, चाहे वह तथाकथित धर्म, संस्कृति, परम्परा अथवा रीतिरिवाज के नाम पर हो अथवा सामन्ती सोच तथा ज्यादती के कारण, उसे चुनौती देने का साहस कर, युगदृष्टा बने। उन्होंने महसूस किया कि वंचितों, दलितों तथा महिलाओं के साथ भेदभाव एवं अन्याय की बुनियाद सामाजिक संरचना एवं व्यवस्था के भीतर है। सामाजिक अन्याय, कुप्रथाओं एवं विभाजनकारी प्रवृत्तियों ने भारतवर्ष की सामुदायिकता एवं राष्ट्रीयता की भावना को जकड़ रखा है। वर्तमान में नवउदारवाद के दौर में जनांकिकी लाभांश के माध्यम से भारत वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने का मंसूबा रखता है, परन्तु इस राह में गरीबी, बेरोजगारी सहित बढ़ती आर्थिक तथा क्षेत्रीय असमानता गंभीर चुनौती बनी हुई है, जिनका समाधान बाबासाहेब के सामाजिक-आर्थिक वैचारिक दिशानिर्देशों द्वारा संभव है।

बाबासाहेब प्रत्येक नागरिक के साथ समान मानवोचित एवं गरिमापूर्ण व्यवहार को समतामूलक समाज हेतु अपरिहार्य मानते थे। उनके सामाजिक न्याय, संवैधानिक व्यवस्था एवं सियासत संबंधी विचारों की बुनियाद में उनका आर्थिक दर्शन था। बाबासाहेब के अनुसार सामाजिक समता एवं बंधुत्व के बगैर राजनीतिक स्वतंत्रता बेमानी है। उनका मकसद नागरिकों के लिए मौलिक अधिकारों की गारंटी सुनिश्चित करने तक ही सीमित न होकर ऐसे समाज की संकल्पना में था, जिसमें स्वतंत्रता, समता तथा बंधुत्व हो। सामाजिक भेदभाव खत्म किए बगैर गरीबों, दलितों, अश्पृस्यों तथा महिलाओं के लिए राजनीतिक आजादी का कोई मतलब ही नहीं है। बाबासाहेब ने संवैधानिक प्रावधानों के जरिये वंचित वर्गों की राजनीतिक एवं प्रशासकीय व्यवस्था में भागीदारी बढ़ाकर आत्मगौरव के साथ सामाजिक समता बढ़ाने का प्रयास किया। उनकी सोच थी कि अस्पृश्यता उन्मूलन तथा भेदभाव की समाप्ति, सामाजिक न्याय का एकमात्र कर्तव्य नहीं है, अपितु यही राष्ट्रनिर्माण की बुनियाद भी है। बाबासाहेब, स्वतन्त्रता, समता एवं बंधुत्व पर आधारित लोकतंत्रात्मक सामाजिक व्यवस्था के पक्षधर थे। स्वतंत्रता से उनका तात्पर्य था कि देश का प्रत्येक नागरिक हर मामले में न केवल समान हो अपितु उसे सभी प्रकार के अवसरों की समानता भी हासिल हो। इस राह में जो भी सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक अथवा राजनीतिक व्यवस्था रुकावट हो, उसे हटाना ही होगा, इसी से राष्ट्र मजबूत होगा। ऐसे समतामूलक समाज निर्माण में संवैधानिक, राजनीतिक एवं सामाजार्थिक प्रावधानों का महत्व तो है ही, धर्म के मूलभूत सिद्धांतों के साथ-साथ इसके आचार-व्यवहार में भी परिवर्तन जरूरी है। 'रिडल्स इन हिन्दुइज्म' में बाबासाहेब ने माना कि हिन्दू धर्म का मूलाधार ब्रह्मसिद्धान्त, लोकशाही की बुनियाद बन सकता है, क्योंकि इसके अनुसार प्रत्येक जीव ब्रह्म का ही अंश है तो मानव मात्र में भेद क्यों?



बाबा साहेब का संघर्ष धर्म से नहीं, अपितु पाखंड के समूल उन्मूलन से था। 'गौतम बुद्ध और उनका धम्म' में बाबासाहेब कहते हैं कि धर्म की अनुपस्थिति से समाज अराजक हो जाता है। अकेले व्यक्ति को धर्म की आवश्यकता नहीं होती, परन्तु समुदाय में परस्पर व्यवहार हेतु धर्म बहुत जरूरी है। बाबासाहेब के अनुसार धर्म को सिद्धान्त रूप में ही रहना चाहिए, परन्तु उसे नियम-कानून में कोई स्थान नहीं देना चाहिए। वस्तुतः धर्म तथा नियम-कानून दो शक्तियां हैं जो मिलकर समाज का संचालन एवं नियंत्रण बेहतर ढंग से कर सकती हैं। धर्म मूलतः व्यक्ति निरपेक्ष होने के कारण अन्याय, असमानता एवं भेदभाव को खत्म कर सकता है, जबकि नियम-कानून व्यक्ति सापेक्ष होते हैं, अतः अकेले होने पर अन्याय, असमानता एवं भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं।

बाबासाहेब के अनुसार अन्याय, असमानता एवं भेदभाव समाज की अपूर्णता का प्रतीक है, परन्तु अस्पृश्यता तो राष्ट्रनिर्माण में सबसे बड़ी बाधा है, जिससे निजात पाना ही होगा। यदि समाज एवं संस्कृति की रक्षा करनी है तो इनमें कालक्रम में जो विकृतियां आ गई हैं, उन्हें सुधारने में झिझक नहीं होनी चाहिए, हिन्दू कोड बिल ऐसे सुधारों के लिए ही तो था। बाबा साहेब के अनुसार स्वार्थी तथा लालची प्रवृत्तियों ने दलितों, वंचितों तथा महिलाओं के साथ भेदभाव तथा अन्याय कर उन्हें समाज में निचले पायदान पर रखा। आंबेडकर ने संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में समस्त नागरिकों हेतु स्वतंत्रता एवं समानता की गारंटी भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार के रूप में दी। बाबासाहेब जीवनपर्यन्त समाज में पीड़ितों तथा वंचित वर्गों तथा महिलाओं के उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे। उन्हें जो भी गलत लगा, उसका शिद्दत से प्रतिकार किया। बाबासाहेब सामाजिक न्याय की स्थापना हेतु संघर्ष में व्यवस्था से टकराकर सामाजिक न्याय के मसीहा बने। भारत आज जो, दलितों, महिलाओं की स्थिति में सुधार के जरिये सामाजिकार्थिक विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा है, वह बाबासाहेब के त्याग एवं संघर्ष का नतीजा है। उनका सामाजिक न्याय का रास्ता क्रान्तिकारी, भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अनुकूल तथा सार्वकालिक है।

आंबेडकर सामाजिक जीवन की बुराइयों तथा कुप्रथाओं से लड़ते हुए, सामाजिक लोकतन्त्र की स्थापना को प्रतिबद्ध थे। छुआछूत के खिलाफ संघर्ष, विधायिका में दलितों के पृथक प्रतिनिधित्व की वकालत से लेकर जीवन के आखिरी दिनों में सामूहिक धर्मान्तरण तक का सफर सामाजिक लोकतंत्र के प्राप्ति की ही कोशिश थी। महापरिनिर्वाण के कुछ समय पूर्व बौद्ध धर्म अपनाने में बाबासाहेब की सामाजिक अन्याय, अलगाव एवं कुप्रथाओं के प्रति पीड़ा, चिन्ता एवं विद्रोह के साथ-साथ उससे मजबूर समाज को उबारने की छटपटाहट थी। बाबासाहेब का सामाजिक लोकतन्त्र के प्रति दृढ़ विश्वास समकालीन राजनेताओं से बिल्कुल अलग था। वे क्रमिक बदलाव के विचार से असहमति जताते हुए समाज में तेज बदलाव के पक्षधर थे। वे दलितों के लिए प्रशासन एवं सियासी व्यवस्था में हिस्सेदारी की पुरजोर वकालत कर सामाजिक अलगाव को समाप्त करना चाहते थे। इसके लिए आरक्षण के प्रावधानों की वकालत तो की, परन्तु चिंतित भी थे कि कहीं ये प्रावधान इस वर्ग को हमेशा के लिए कमजोर न कर दे।

बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउन्सिल में बहस के दौरान बाबासाहेब ने कहा था कि लोगों की समृद्धि ही देश की सबसे बड़ी धरोहर होती है, उन्हें दया का पात्र या भिखारी नहीं बनाना चाहिए। जो देश अपने नागरिकों को भिखारी बना देता है, अंततः वह खुद भिखारी बन जाता है। यह बात आज की रेवड़ी कल्चर पर समीचीन बैठती है

सारा संसार



पुट्टपर्थी आंध्र प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थल में से एक है जो प्रसिद्ध रूप से साईं बाबा के मंदिर के लिए जाना जाता है। पुट्टपर्थी साईं बाबा मंदिर अनंतपुर जिले में चित्रावती नदी के तट पर स्थित है जो तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करता है।

## श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित

दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

*-डा. प्रणव पण्ड्या*

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित

प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

हालात
डॉ. मोनिका शर्मा



# महिला मतदाताओं का रुख और अपराध के आंकड़े

स्त्रियों का जीवन परिवेशगत कारकों से सबसे अधिक प्रभावित होता है। यही वजह है कि तीन राज्यों में महिला मतदाताओं के झुकाव को समझने की कवायदें केवल राजनीतिक विश्लेषण का विषय भर नहीं है। जीवनयापन से जुड़ी सहजता देती नीतियों के अलावा सम्मान और सुरक्षा महिलाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा है। गांव-कस्बा हो या महानगर, सुरक्षित हालात में जीवन की जद्दोजहद न केवल कम हो जाती है बल्कि बेहतरी की ओर बढ़ने की राहें भी खुलती हैं। हाल ही में आए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े कहीं ना कहीं राजनीतिक परिवेश से जोड़कर देखे जा सकते हैं। एनसीआरबी की इस ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। तकलीफदेह स्थितियों को सामने रखते इन आंकड़ों में राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। बीते साल में दिल्ली में एक दिन में 3 दुष्कर्म के मामले दर्ज किए गए। रिपोर्ट में बताया कि 2022 में देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 मामले दर्ज किए गए। यानी हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी हुईं। ध्यातव्य है कि 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था। पिछले वर्ष प्रति एक लाख आबादी में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर 66.4 प्रतिशत रही। बच्चों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। इस साल दिल्ली में ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14,247 मामले सामने आए। तकनीकी तरक्की के इस दौर में दुखद यह भी है कि साइबर अपराध के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई। चिंतित करते एनसीआरबी के इन आंकड़ों के अनुसार देश में हर दिन 78 हत्याएं हुई हैं। इन दिनों जब देश में 4 राज्यों के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा हो रही है यह समझना आवश्यक है कि देश की आधी आबादी क्या चाहती है? स्त्रियों की प्राथमिकता क्या है? ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान इन पांच राज्यों में हत्या के 43.92 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। महिला के खिलाफ अपराधों में अव्वल रहे इन राज्यों में से दो राज्यों में महिला मतदाताओं में नई सरकार चुनने में अहम भूमिका निभाई है। मध्य प्रदेश में मौजूदा शासन व्यवस्था को समर्थन देने की बात हो राजस्थान में सरकार बदलने की। महिला वोटर्स ने अपना मुखर समर्थन दिया है। ऐसे में मौजूदा प्रशासन हो या नई सरकार जरूरी है कि अपराध के बढ़ते आंकड़ों को गंभीरता से लें। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरूक नागरिक के तौर पर दर्ज करवाने वाली स्त्रियों की बढ़ती भागीदारी को देने के सर्वश्रेष्ठ तरीका यही है कि उनके लिए सुरक्षित परिवेश बनाया जाए।

माघ मेला



प्रयागराज संगम पर गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारी साधु -संतों के साथ पारंरपिक गंगा पूजन कर माघ मेला का शुभारंभ करते हुए।

आज की पाती

## परोपकार सबसे बड़ा धर्म

ऋग्वेद ने हमें समझाया है कि जो ईश्वर की आराधना के साथ–साथ पुरुषार्थ करते हैं, उनके दु ःख और दारिद्रय दूर होते हैं और ऐश्वर्य बढ़ता है। हमारी सभ्यता और संस्कृति ने हमें परोपकार की शिक्षा दी है। एक हिंदी फिल्म का गाना है 'अपने लिये जिये तो क्या जिये, ऐ दिल तू जी ज़माने के लिये।' प्राणी जगत में मात्र एक इनसान ही है जो अपनी बुद्धि का प्रयोग कर सकता है। पशु प्रवृत्ति होती है अकेले चरने की। इनसान तो अपनी नेक कमाई से जरूरतमंदों की मदद करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें यह प्रावधान किया गया कि हर वर्ष 05 दिसंबर को इंटरनेशनल वॉलंटियर डे मनाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज की समस्याओं का समाधान निकालने में जनभागीदारी को बढ़ाना है। हमें इस दिवस पर परोपकार का संकल्प लेना चाहिए।

*– मनोज सोनी, धमतरी*

करंट अफेयर

## पाक से कानून का शासन बनाए रखने की अपील

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश कर पाकिस्तान से लोकतांत्रिक संस्थाओं, मानवाधिकारों और कानून का शासन बनाए रखने का आग्रह किया गया। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने वाला है। इस सप्ताह कांग्रेसी मिच मैककॉर्मिक और डैन किल्डी द्वारा प्रतिनिधि सभा में पेश किए गए प्रस्ताव में पाकिस्तान में लोकतंत्र के लिए मजबूत समर्थन किया गया, जिसमें पाकिस्तान के लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करने वाले स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव भी शामिल हैं।



ऑफ बीट

## प्रौद्योगिकी आपका समय चुरा रहा

प्रौद्योगिकी अमूमन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए होती है। स्मार्ट फोन दुनिया को हथेली के आकार की खिड़की प्रदान करते हैं, जिससे हम एक बटन के स्पर्श से लगभग कुछ भी करने में सक्षम हो जाते हैं। स्मार्ट घर अपनी देखभाल खुद करते हैं, और आभासी बैठकों का मतलब है कि कई लोगों के लिए, आने–जाने में बिताया गया समय अतीत की बात हो गई है। तो इसका मतलब यह है कि हमारे पास अधिक खाली समय होना चाहिए। जो समय अब सोने, आराम करने या कुछ भी न करने में व्यतीत हो रहा है – ठीक है? यदि यह विचार कि आपके पास पहले से कहीं अधिक समय है, आपको कुछ सोचने पर मजबूर कर रहा है,



ट्रेंड

### बलिदान का सम्मान



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर हम अपने बहादुर सैनिकों के साहस, प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्र की रक्षा में उनका समर्पण अद्वितीय है। मैं आप सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवास बर्दाश्त नहीं



हम अब अपने देश में अवैध प्रवास बर्दाश्त नहीं कर सकते। इससे हमें अरबों पाउंड का नुकसान होता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है। इसीलिए हम इस पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### बड़ों की सीख



हमारी परंपरा में जब कोई यात्रा पर निकलता है, तो बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लेता है। पटना से मुंबई यात्रा पर रवाना होने से पहले मैंने अपने दादाजी के चरण स्पर्श किए तो उन्होंने मुझे सीख दी। उन्होंने कहा 'निभा लेना और निभ जाना।'

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### एनडीए में डर



तबियत ठीक नहीं थी इसलिए 'इंडिया' मीटिंग में नहीं गए, जब भी मीटिंग होगी जरूर जाएंगे: नीतीश। ये बयान आते ही 'इंडिया' में नया उत्साह और एनडीए में डर का माहौल बना है। नीतीश पूरे हिंदी बेल्ट में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

-कन्हैया क़ुमार, कांग्रेस नेता

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की फंदे से लटकती मिली लाश

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। थाना क्षेत्र रूपईडीहा अंतर्गत वीरपुर गांव में बीते रविवार देर शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से शव लटकते हुए देखकर घर में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी के मुताबिक बबलू वर्मा पुत्र मोहन लाल वर्मा उम्र लगभग 24 वर्षीय की रविवार देर शाम फांसी के फंदे से लटकती हुई लाश गांव के पास के एक आम के बाग मे मिली। मृतक ने अपने पीछे अपनी पत्नी व लगभग 2 वर्षीय लड़की को बेसहारा छोड़ दिया। घटना के सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज बाबागंज राम गोविन्द वर्मा ने बताया है कि मृतक के पिता द्वारा लिखित तहरीर प्राप्त हुई है।शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु जिला हॉस्पिटल भेजा गया है। आगे की कार्यवाही पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद की जाएगी।

### बाइक से ऑटो टकराने पर बवाल

दबंगों ने महिलाओं को भी गिराकर पीटा, खड़े होकर तमाशा देखते रहे लोग

अमेठी जिला, अमेठी में दबंगों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है।आज सुबह ऑटो और बाइक की टक्कर के बाद दबंग युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर ऑटो सवार महिलाओं और पुरुषों की पिटाई कर दी। दबंगों की गुंडई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फिलहाल पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दबंगों की तलाश शुरु कर दी है। दरअसल, पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के संजय गांधी अस्पताल गेट का है।जहां आज सुबह अस्पताल गेट के सामने बाइक और ऑटो की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार दबंग युवक ने अपने दोस्तों को फोन किया और मौके पर बुलाकर ऑटो सवार महिला और उसके भाई की लात घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। घटना के दौरान आसपास भारी भीड़ इकट्ठा हो गई लेकिन किसी ने भी बीच बचाव नहीं किया।

### संतकबीरनगर में गाजे-बाजे के साथ निकली निशान शोभा यात्रा

संतकबीर नगर, संतकबीरनगर में श्री खाटू दरबार श्याम समिति के सौजन्य से नगर वाली माता मंदिर प्रांगण से गुरुवार को श्याम बाबा की निशान शोभायात्रा निकाली गई। निशान पूजन के बाद यात्रा गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। निशान शोभायात्रा में भक्त गण नाचते-गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर वाली माता मंदिर से निकलकर पूरे शहर में घूमी। सैकड़ों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। गुरुवार को मेंहदावल शहर में स्थित नगर वाली माता मंदिर रोड से निशान भी यात्रा प्रारंभ होकर पश्चिम टोला चौराहा , बाईपास से रोडवेज , ठाकुरद्वारा, अंजहिया बाजार, चौक बाजार , बर्तनहिया बाजार ,पहाड़ीदास मंदिर होते हुए कुबेरनाथ मंदिर पर भी जाकर समाप्त हुई।

# शिक्षकों को बताई शिक्षण की बारिकियां, बच्चों से किया संवाद

**प्राथमिक विद्यालय मोहनापुर प्रथम व कंपोजिट जैतापुर का एआरपी ने किया अनुश्रवण**






अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। एकादमिक रिसोर्स पर्सन एआरपी नवाबगंज बिपिन सिंह ने सोमवार को कम्पॉजिट विद्यालय जैतापुर व प्राथमिक विद्यालय मोहनापुर प्रथम का अनुश्रवण किया। प्राथमिक विद्यालय मोहनापुर प्रथम मे एआरपी विपिन सिंह ने कक्षा 01 व 02 के बच्चों से सहज व सरल संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भाषा का ज्ञान कराया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से गतिविधि आधारित शिक्षण, संदर्शिका के प्रयोग, बिगबुक, टीएलएम प्रयोग आदि के बारे मे बताया। उन्होंने शिक्षकों से शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु दीक्षा ऐप, रीड एलोंग, निपुण लक्ष्य ऐप आदि का नियमित उपयोग करने का सुझाव देते हुए शिक्षण की बारीकीयां बताई। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास द्विवेदी, शिवदयाल, रंजू श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक व शिक्षामित्र मौजूद रहे। वहीं कम्पॉजिट विद्यालय जैतापुर मे अनुश्रवण के दौरान एआरपी विपिन सिंह ने कक्षा 06 के बच्चों को गणित मे भिन्न की अवधारणा के बारे मे विस्तार से बताते हुए हल करने की सरल विधियों का अभ्यास करवाया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीकांत भारती, शिवसिंह, राकेश कुमार, निर्मला सिंह, गीता सिंह आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन

**स्टॉल लगाकर ग्रामीणों कों दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।विकास खंड नवाबगंज के ग्राम सभा जमुनहा बाबागंज मुख्यालय स्तिथ बीआरसी परिसर में सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाने के उद्देश्य के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विविध आयोजन किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने ग्राम सभा जमुनहा बाबागंज व शंकरपुर में यात्रा का शुभारम्भ किया। इस मौके पर विकसित भारत यात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर बीईओ श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओ की जानकारी और पात्र लोगों कों मौके पर की लाभ देने के लिए नवाबगंज विकास खंड के बिभिन्न ग्राम सभाओ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।आयोजित संकल्प यात्रा में मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य शिविर, बिजली विभाग द्वारा एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस),कृषि विभाग द्वारा खेतो में यूरिया, डीएपी और कीटनाशकों की उपयोगिता सहित अन्य योजनाओं की जानकारी स्टॉल लगाकर दी गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह, खंड विकास अधिकारी नवाबगंज, एडीओ पंचायत, लेखपाल भज्जू राम, प्रधानप्रतिनिधि हाजी मो0 अनवर, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा,डॉ सर्वर अली, स्वास्थ्य प्रवेक्षक हरीराम आर्य, शिक्षक वैभव सिंह, जीतेन्द्र शर्मा, अरविन्द वर्मा, विनोद गिरि, सजल मिश्रा, अजय मिश्रा, करुणाकृष्ण श्रीवास्तव, अनिल वर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# बाइक सवार को कार ने मारी ठोकर गंभीर रूप से जख्मी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।बहराइच से आ रहे बाइक सवार को एक मारुति कार ने तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर ठोकर मार दी।जिससे पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कार ठोकर मारने के बाद एक ढाबली को पलटते हुए खड्डे में जा गिरी। जानकारी के मुताबिक भगवती प्रसाद मौर्य 50 वर्ष पुत्र सूरज लाल मौर्य निवासी बेदौरा थाना फखरपुर किसी काम से पत्नी के साथ बाइक से बहराइच गए थे। वहां से वापस होते समय जैसे ही लखनऊ बहराइच राजमार्ग पर स्थित महमूदपुर के पास पहुंचे ही थे की लखनऊ की तरफ से आ रही मारुति कर नंबर यू पी 32 एम एस 2709 ने जोरदार ठोकर मार दी।जिससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए।इसके बाद भी कार नियंत्रित नहीं हो सकी सामने खड़ी एक ढाबली को भी ठोकर मारी उसके बाद गड्ढे में जाकर गिर गई।हल्ला होते ही तमाम ग्रामीण इकट्ठा हुए जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते तत्काल घटनास्थल पर पहुंची फखरपुर पुलिस ने घायलों को सीएससी फखरपुर पहुंचाया जहां से घायलों की स्थिति गंभीर होते हुए देख जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। एसएचओ फखरपुर ने बताया की गाड़ी व गाड़ी मालिक को हिरासत में ले लिया गया है।



# पूजा मिश्रा बनी नासिरगंज ग्राम पंचायत की कोटेदार

**महिला कोटेदार पूजा मिश्रा के विजयी होने पर पुष्प देकर स्वागत करते हुए समर्थक**

**181 वोटो से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को दी मात**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड जरवल के अंतर्गत ग्राम पंचायत नासिरगंज में कोटेदार की मृत्यु हो जाने से रिक्त सरकारी गले की दुकान का चयन किया जाना था। चयन प्रक्रिया होने के कारण पूजा मिश्रा, संतोष सिंह, रितु सिंह सहित तीन दावेदारों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया।चुनाव की प्रक्रिया निष्पक्ष हो इसके लिए चुनाव पर्यवेक्षक बनाए गए और चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई चुनाव संपन्न होने के पश्चात वोटो की गिनती हुई।चुनाव में पूजा मिश्रा पत्नी राजेश कुमार यादव ने लगभग 320 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विजयी प्राप्त की। निकटतम प्रतिद्वंदी संतोष कुमार सिंह को 139 मत प्राप्त हुए,जबकि तीसरी प्रतिद्वंदी रितु सिंह को 26 मत प्राप्त हुए।पूजा मिश्रा ने लगभग 181 वोटो से विजय प्राप्त कर महिला कोटेदार के रूप में चयनित हुई। उनकी इस जीत पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व फूल माला पहनकर स्वागत किया व बधाई दी।सुरक्षा की दृष्टि से पर्यवेक्षक व जरवल रोड थाने के पुलिस बल के जवान सहित प्रधान नासिरगंज बुधराम यादव,राज कुमार यादव राजू साधन सहकारी समिति नासिरगंज अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगल यादव,पूर्व प्रधान वेद प्रकाश,जगन्नाथ दखिनहा, डा० रामतेज यादव,सहित अन्य संभ्रांत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नवाबगंज ब्लाक में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के निमित्त सोमवार को रुपईडीहा मंडल के अंतर्गत ब्लॉक नवाबगंज ग्राम सभा शंकरपुर एवं जमुनहा बाबागंज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक मुख्य अतिथि किसान मोर्चा जिला महामंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह एवं जयप्रकाश सिंह ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज,बीडीओ राहुल पांडेय, नोडल अधिकारी राधेश्याम वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज व विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र एवम मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भीमसेन मिश्रा रहे। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा कर लाभार्थियों से संवाद किया। 14 जन कल्याणकारी योजनाओं के विभाग के स्टाल लगाकर सभी को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के साथ पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष रामविलास लोधी, महामंत्री विजय त्रिपाठी,शिवपूजन सिंह,राजेश श्रीवास्तव,ग्राम प्रधान आनंद पाठक, प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनवर एवं ग्रामवासी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।



# खाद के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

- अयोध्या में कहा- किसानों का हितेषी होने का भाजपा झूठा दावा कर रही है

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, खाद के दामों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा।इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा किसानों के हितेषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार उन्हें गेहूं बुवाई के सीजन में खाद नहीं दे पा रही है।ऊपर से डीएपी खाद का दाम भी बढ़ा दिया जो निंदनीय है। भाजपा का किसान हितैषी होने का दावा झूठा है। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव तथा महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा डीएपी खाद की कमी के चलते हमारे अन्नदाता परेशान हैं साथ ही सरकार द्वारा डीएपी के दामों में वृद्धि कर दी गयी है, जिससे इस महंगाई में उनके के सामने कई प्रकार की दिक्कतें आ रही है।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहती है।

सत्तासीन सरकार को डी०ए०पी० की कमी दूर करने एवं उसके दामों में की गयी इस वृद्धि को अविलंब वापस लेना चाहिए। जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि भाजपा नीतियों से पूरे देश में किसान और नौजवान त्रस्त हैं।उन्हें धर्म के नाम पर बरगला कर राजनीतिक स्वार्थ की रोटी सेंकी जा रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से पीसीसी सदस्य उग्र सेन मिश्रा ,व्यापारी नेता कविंद्र साहनी,राम अवध, राम सागर रावत, कविंद्र साहनी, बसन्त मिश्रा ,चंचल सोनकर, अब्दुल हकीम ,जनार्दन मिश्रा, अशोक राय ,प्रेम पांडे रोहित यादव, अब्दुल हकीम, रितिक यादव, राजन यादव,शकील रहमान, श्रवण यादव आदि मौजूद रहे।

# जानवरों में संक्रमण अवधि प्रबंधन पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

**जल भराव कार्यक्रम के साथ हुआ शुभारंभ, नेपाल से आए वैज्ञानिकों ने साझा किए विचार**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, जानवरों में संक्रमण अवधि प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में हुआ।कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने जल भराव कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया। कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में हमारे भारत का नाम विश्व में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन की क्षमता और अधिक बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों को और कड़ी मेहनत करनी होगी।कुलपति ने कहा कि पशुपालकों को पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों के बारे में जानकारी रखना आवश्यक है।नेपाल से पहुंचे वैज्ञानिक डा.एम बहादुर गुरुंग ने कहा कि दुधारू पशुओं में बच्चा देने के 21 दिन पहले और 21 दिन बाद कोबाल्ट का महत्व अधिक होता है।इस समय पशु खाना कम कर देता है और ग्लूकोज की खपत बढ़ने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन में अधिक होती है। डॉ. गुरुंग ने बताया कि ऐसी नाजुक स्थिति में कोबाल्ट की कमी से खून में ग्लूकोज की कमी आ सकती है।नेपाल से ही पहुंचे वैज्ञानिक डा. शंभू शाह ने कहा कि जुगाली करने वाले बीमार पशुओं में लगभग 50 से 80 प्रतिशत बीमार पशु अपच व बदहजमी से ग्रसित होते हैं।इस रोग से पशुओं में रूमन की कार्यक्षमता कम हो जाती है तथा रूमन स्थिर हो जाता है। आज नेपाल से डॉ. सुमन पशुओं में होने वाली मुख्य बीमारियों एवं उसके निदान पर विस्तार से चर्चा करेंगी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता नाहेप अधिकारी डा. डी नियोगी द्वारा किया गया। कार्यशाला का आयोजन डा. नवीन कुमार सिंह के संयोजन में हुआ।इस मौके पर डॉ. सत्यव्रत सिंह, प्रज्ञा तिवारी समेत विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ में गैंगस्टर प्रधान के घर पहुंचा बुलडोजर

- प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर बने घर की बाउंड्री वाल गिराई, अवैध कब्जा हटाने का दिया अल्टीमेटम

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़, प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर बनी नगर कोतवाली के कुसुमी ग्राम प्रधान तौहीद आलम के घर की बाउंड्री पर को बुल्डोजर चल गया। एनएचआई के अधिकारियों ने बाउंड्री का ऊपरी हिस्सा तोड़ दिया। प्रधान के परिजनों को कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया।जमीन के विवाद को लेकर पिछले दिनों जेल भेजे गए तौहीद आलम, उसके दो भाइयों पर अभी हाल में ही कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने गैंगस्टर लगाया था। बाद में उसके घर से राजकीय पक्षी सारस बरामद होने का भी केस दर्ज किया गया। प्रशासन के लोग उसके सरकारी जमीन पर कब्जे की रिपोर्ट तैयार कर रहे थे। राजमार्ग के अधिकारी बुल्डोजर लेकर उसके घर पहुंच गए।बाहरी बाउंड्री बुल्डोजर से तोड़ दी गई।एनएच के अधिकारियों ने तौहीद के घर वालों को सड़क की जमीन पर किया गया कब्जा जल्द हटाने की चेतावनी दी। कुसुमी ग्रामप्रधान तौहीद पर प्रशासन और एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रहा है।

# प्रतापगढ़ में लेखपाल का रिश्वत लेने का सामने आया वीडियो

**रिपोर्ट लगाने के बदले ली घूस, एसडीएम बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , प्रतापगढ़ के कुंडा में रिपोर्ट लगाने के बदले में लेखपाल ने रिश्वत ली। जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी शिकायत भी लोगों ने उपजिलाधिकारी से की और आरोपी लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हंगामा मचाया। एसडीएम कुंडा ने जांच करवाकर कार्रवाई करने की बात कही है। जमेठी के लेखपाल ने एक जमीनी विवाद के मामले मे रिपोर्ट लगाने के बदले रिश्वत मांगी थी। बाघराय के रहने वाले एक अधिवक्ता ने जमेठी के लेखपाल से अपने मुवक्कील की रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल से सम्पर्क किया। कई दिन टाल मटोल के बाद उन्होंने काम करवाने के बदले रिश्वत मांगी। अधिवक्ता ने इनकी जेब गरम करने के लिए मांगी धनराशि मुहैया करवा दिया। लेनदेन के समय किसी ने इसका वीडियो बनवा लिया और जब इस बात की जानकारी अन्य अधिवक्ता को हुई तो उन्होंने एसडीएम से कार्रवाई की मांग की।

# हमीरपुर में खनिज-इंस्पेक्टर की गाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर

- पुलिस टीम ने किया सीज, बिना रॉयल्टी के मौरंग का कर रहा था अवैध खनन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में बीती देर रात चेकिंग के दौरान एक ट्रक चालाक ने खनिज विभाग की गाड़ी में टक्कर मार दी। इसके बाद भागने की कोशिश की जिसे दौड़ा कर पुलिस और खनिज विभाग की टीम ने पकड़ लिया और सीज कर दिया है। विभागीय अधिकारी ने बताया कि मौरंग से लदी यह गाड़ी बिना रॉयल्टी के थी जिसने हमारी गाड़ी में टक्कर मार कर भागने की कोशिश की थी। गाड़ी को पकड़ कर सीज कर दिया गया है।

हमीरपुर में मौरंग खदानें चालू होते ही अवैध खनन और अवैध परिवाहन का खेल सर चढ़ कर चलने लगता है। जिसको काबू में करने की कोशिशें भी चलती रहती हैं। आज इसी कोशिश के दौरान अवैध परिवाहन कर ले जाई जा रही मौरंग को पकड़ने की कोशिश के दौरान एक ट्रक चालाक ने खनिज इन्स्पेक्टर की गाड़ी में टक्कर मार कर भागने की कोशिश की जिसे काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस और खनिज विभाग की टीम ने जब पकड़ने की कोशिश की तो ट्रक चालाक चलते हुए ट्रक से कूद कर भाग गया। सूझबूझ के साथ उस ट्रक को रोक लिया गया और पुलिस के हवाले करते हुए उसे सीज कर दिया गया है।

# संक्षेप

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर पीटा तीन केस दर्ज

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के सीहापार निवासी शम्भु शरण यादव पुत्र स्व राम आसरे यादव सीहापार दक्षिणी टोला जिनका गांव के एक परिवार से जमीन को लेकर रंजिश चलता है।28 नवंबर को सुबह 8 बजे के करीब विपक्षी का लड़का बार बार ट्रैक्टर लेकर आ जा रहा था। जिसका विरोध किया तो इसके परिजन लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़ आए और गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। जान बचाकर घर में भागा तो आरोपी घर में घुस कर मारपीट और जान मारने की धमकी दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी राम प्रकाश मौर्य,संतोष मौर्य,अमन मौर्य के खिलाफ में घुसकर मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही सीहापार निवासी साधना पुत्री पुरुषोत्तम जो गाय को चारा देने गई थी। तो चाचा के लडके देखकर गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपी नितेश,अमित,आकाश,गुलाब के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## अलग अलग विवाद में पुलिस ने 11 के खिलाफ दर्ज किया केस

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के लोनिया निवासी धर्मदेव पुत्र गणमत गांव में पक्की सड़क पर स्थित चाचा के मकान पर गया था। तभी गांव के मनबढ पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिए। और कुर्सी तोड़ दिए। पुलिस ने जय प्रकाश,कलावती,नीलम,गोपाल निवासी लोनिया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही सीहापार निवासी गुलाब निषाद पुत्र स्व झीनक प्रसाद को सगे भाई ने अपने परिजन के साथ मिलकर लाठी डंडे से पीटकर पैर तोड़ दिया था। और लडके अमित निषाद का सिर फोड़ दिया था। पुलिस ने पुरुषोत्तम निषाद, सत्य व्रत निषाद,पंकज निषाद, वंदना, साधना, रीता,गुजराती के खिलाफ बलवा, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## मेरठ में फैक्ट्री सील करने के दौरान हुई धक्का-मुक्की

### बुजुर्ग की मौत जमकर हंगामा, टीम को दौड़ाया; पुलिस जांच में जुटी

मेरठ, मेरठ के टीपी नगर थाना क्षेत्र के मुल्तान नगर में चल रही स्पोर्ट्स फैक्ट्री को सील करने पहुंची मेरठ विकास प्राधिकरण की टीम की फैक्ट्री मालिकों से नोक झोंक और धक्का मुक्की हो गई। इस दौरान धक्का लगने से गिरे एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जिसके बाद जमकर हंगामा हो गया और लोगों ने टीम को दौड़ा लिया। मौके पर पुलिस पहुंच गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। टीपीनगर के मुल्तान नगर में अशोक की पत्नी शकुंतला ने टेनिस बॉल बनाने की फैक्ट्री लगाई हुई है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 19 दिसंबर 2023 से होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

- सेना भर्ती रैली की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी व सेना के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- 19 से 29 दिसंबर 2023 तक चलेगी सेना भर्ती रैली
- सेना भर्ती रैली को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण.......डीएम
- सेना भर्ती रैली पूर्णतया निष्पक्ष एवं पारदर्शी, दलालों के चंगुल में न फंसे अभ्यर्थी.......कर्नल एस0के0 मोर



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में आगामी 19 दिसंबर 2023 से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र तथा सेना के अधिकारियों ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती रैली को लेकर जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में सेना भर्ती रैली को लेकर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इस अवसर पर कर्नल एस0के0 मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 19 से 29 दिसंबर 2023 तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जा रहा है। रैली में लगभग प्रतिदिन 1000 अभ्यर्थी भाग लेंगे, जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं और दसवीं कक्षा पास) ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों क्रमशः अंबेडकर नगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महाराजगंज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत कबीर नगर, सुल्तानपुर और सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती रैली पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी है इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह सतर्क रहें और दलालों का शिकार ना बने या किसी अनुचित साधन का सहारा ना लें। अभ्यर्थी भर्ती रैली के दौरान अपने प्रवेश पत्र में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज साथ में अवश्य लेकर आए।

# आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में आज कंपनी परिसर में आज सुबह ११ बजे मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ और यह आयोजन प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के उपस्थिति में संपन्न हुआ। मॉक ड्रिल की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। आईजीएल कंपनी में आनसाइट इमरजेंसी प्लान के तहत मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल मेंआपात स्थिति मेंबचाव के उपायों को परखा गया। मॉक ड्रिल में एथेनॉल टैंक में आग की घटना एवं गैस रिसाव तथा फायर नियंत्रण के तरीकों को परखा गया। सुबह 11.00 बजे मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में कंपनी के कर्मचारियों एवं अधिकारियो को संभावित जानमाल की हानि रोकने के तरीके को उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेस के उप निरीक्षक लाल साहब यादव द्वारा बताया गया। साथ ही आपात स्थिति में इन स्थिति से कैसे निपटा जाएं इस विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मॉक ड्रिल मेंकंपनी के वरिष्ठ प्रबंधकगण, कर्मचारी व अग्निशमन अधिकारी, अन्य प्रतिस्थित कंपनियों के सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। मॉक ड्रील की समस्त कार्य योजना सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश शुक्ल एवं सब्बीर अहमद, के साथ अनंत शुक्ल ने किया।वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया।




## युवती और किशोरी भगाने के आरोप में केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के सहबाजगंज वार्ड 5 निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी दिन में 11 बजे घर से निकली थी। लेकिन वापस नही लौटी। मां ने आरोप लगाया है की किशोरी का एक युवक से मोबाइल पर बात होती थी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है। वही सहजनवा थाना क्षेत्र के शहरी निवासी एक 19 वर्षीय युवती को 18 नवंबर को ओझा पट्टी थाना महुली निवासी एक युवक बहला फुसला कर भाग ले गया था। जब आरोपी के घर जानकारी लेने गई तो उसके परिजन गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया और जान मारने की धमकी दिए। पुलिस ने युवती के मां की शिकायत पर आरोपी बहादुर बेलदार, तथा परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ अपहरण,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## कम दहेज लाने और पुत्री पैदा होने पर ससुराल के लोगो ने पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत जैतपुर में ससुराल के लोगो ने विवाहिता द्वारा कम दहेज लाने और पुत्री पैदा होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति सहित सास,ससुर,देवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से अन्नु त्रिपाठी पत्नी सुधांशु त्रिपाठी निवासी जैतपुर को कम दहेज, और पुत्री पैदा होने पर पति,सास,ससुर,देवर मिलकर आए दिन मारते पीटते रहते थे। रात्रि में 10 बजे के करीब पति और सास मिलकर मारे पीटे जब ससुर घर पर आए तो शिकायत किया तो वह भी मार पीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति,सुधाशु त्रिपाठी,ससुर कमल कुमार त्रिपाठी,सास कुमकुम त्रिपाठी देवर दिव्यांशु त्रिपाठी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# हटवाए जा रहे अवैध रूप से लगी होर्डिंग व बैनर

अमन लेखनी समाचार




अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध रूप से लगी होल्डिंग व बैनर को हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में अधिशासी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से लगी होल्डिंग व बैनर को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

## संस्था प्रबंधक पीके तिवारी ने नवनियुक्त थानाध्यक्ष से मुलाकात कर दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर, अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं

और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम मे चौकी वारिसगंज पहुंचकर

नवनियुक्त थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक प्रमोद कुमार से मुलाकात की एवं नव दायित्व की शुभकामनाएं दी उक्त अवसर पर चौकी इंचार्ज वारिसगंज वीरेन्द्र कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे बताते चलें कि इससे पूर्व प्रमोद कुमार थाना बाजार शुक्ल अमेठी अन्तर्गत सत्थिन मे चौकी प्रभारी के पद पर कार्यरत थे, वहीं थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी पी के तिवारी की निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व में संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान दे रही है जो कि समाज के प्रति गौरवपूर्ण है।।

# स्वास्थ्य शिविर में 200बच्चों को जांच कर निःशुल्क दवा दी गयी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम कोडरा पोखरा पर श्री संकट मोचन मंदिर पर सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।स्व. अखिलेश्वर सहाय अखिल बाबू की 80 वीं जयंती क्षेत्र के ग्राम कोड़रा पोखरा श्री संकट मोचन मंदिर पर सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें उनकी पुत्री बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु सहाय ने 200 बच्चों का निःशुल्क परीक्षण किया। निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई।शिविर में ज्यादातर मरीज सर्दी बुखार जुकाम से पीड़ित थे।परिजनों बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उपाय भी बताए गये।शिविर में स्व. अखिलेश्वर सहाय की पत्नी शोभा सहाय, डॉ. सद्दाम,डॉ.शिवा ,सेराज,अविनाश,संदीप, संग्राम,रघुनाथ ,सुनील समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहें।

# कृषि विभाग द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सोमवार कृषि विभाग के द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन ककरही पहुंची। इस दौरान उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों के व सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर जागरूक किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि चिल्लूपार विधानसभा के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में ही किसानों को सम्मान मिला है।आज किसानों को उनकी फसलों के अच्छे दाम सम्मान निधि समय पर खाद बीज आधुनिक यंत्र उपलब्ध हैं।अब किसानों को उनके फसलों के अवशेष का भी मूल्य मिल रहा है। प्रदेश कभी भ्रष्टाचार से कांपता था लेकिन अब बाबा के बुलडोजर से थर थर कांप रहा है और महिलाएं सुरक्षित हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने जैविक खेती के द्वारा मृदा पर प्रभाव रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोगों मोटे अनाजों के उत्पादन आदि के बारे मे विस्तार से बताया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों व भाजपा के वरिष्ठ नेता रतन प्रकाश दुबे, ग्राम प्रधान बिन्दु देवी, सुरेश पाल मंडल अध्यक्ष गोला, देवेश निषाद मण्डल अध्यक्ष गोपालपुर, संतोष तिवारी ,रंजीत कुमार ,सीताराम यादव, रामवृक्ष पाल, रामनाथ यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा अम्बेडकर मैदान का किया निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनपद अमेठी में दिनांक 19.12.2023 से प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अम्बेडकर मैदान थानाक्षेत्र अमेठी का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार एवं अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। जनपद के विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम सभा बूबूपुर पाली में दिन रविवार को बी पैक्स पाली सचिव सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर किसानों को सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किया गया ,और नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी की उपयोगिता के बारे में किसानों को अवगत कराकर विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। तथा दो बोतल नैनो यूरिया की बिक्री किया, वही डीएपी और यूरिया खाद की उपयोग कम करके नैनों डीएपी व नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं सचिव द्वारा बतलाने पर जानकारी हासिल हुई उन्होंने कहा कि जितना हो सके रासायनिक खाद का उपयोग कम करके नैनो यूरिया का प्रयोग करके किसानों को फसल में अधिक पैदावार के साथ-साथ अधिक आय हो सकती है, एवं मृदा प्रदूषण से रासायनिक खादों से बचाया जा सकता है, इसी प्रकार की विभिन्न जानकारियां सचिव द्वारा दी गई। इस बीच भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला एवं शुकुल बाजार मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह सहित संभ्रांत जनों एवं किसान उपस्थित रहे।



**सजा** — कानपुर कोर्ट ने सुनाई सजा, गवाही देने आए इंस्पेक्टर की चलती ट्रेन में गोली मारकर की थी हत्या

# फरुखाबाद के बाहुबली अनुपम दुबे को उम्रकैद

अमन लेखनी समाचार



कानपुर, इंस्पेक्टर की गोली मारकर जघन्य हत्याकांड में फरुर्खाबाद के बाहुबली बसपा नेता अनुपम दुबे को कानपुर कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। इस जघन्य हत्याकांड में शामिल अनुपम मिश्रा के दो साथी नेम कुमार उर्फ बिलैय्या और कौशल की मौत हो चुकी है। बिलैय्या पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया था। हत्याकांड में 27 साल बाद फैसला आने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। वहीं, आरोपी पक्ष ने हाईकोर्ट जाने की बात कही है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में तैनात मेरठ निवासी इंस्पेक्टर रामनिवास यादव की रावतपुर स्टेशन और अनवरगंज स्टेशन के बीच चलती ट्रेन में 14 मई 1996 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। फरुर्खाबाद में तैनाती के दौरान दर्ज एक मुकदमे की विवेचना रामनिवास ने की थी। इसी मुकदमे में गवाही देने के लिए रामनिवास फरुर्खाबाद गए थे। ट्रेन से लौटते समय रास्ते में मौका पाकर गवाही से झल्लाए बदमाशों ने ट्रेन में ही हत्या कर दी। जीआरपी थाने में अनुपम दुबे के अलावा नेम कुमार उर्फ बिलैया और कौशल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। तीनों के खिलाफ सीबीसीआईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी। इस गैंग का इतना खौफ था कि कोई पुलिस अफसर विवेचना करने को तैयार नहीं था। इसके बाद मामले को सीबीसीआईडी भेज दिया गया था। सीबीसीआईडी ने भी मामले की विवेचना कर तीनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपर जिला जज-8 की कोर्ट ने हत्यारोपी अनुपम दुबे को इंस्पेक्टर की हत्या में उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। मृतक परिवार को जुमार्ना राशि का आधा दिया जाने का कोर्ट ने आदेश दिया है।

### 25 गवाहो ने उम्रकैद तक पहुंचाया

हत्यारोपी अनुपम दुबे को एक-दो नहीं बल्कि 25 गवाहों ने उम्रकैद की सजा तक पहुंचाया। इसमें सबसे अहम भूमिका मुलायम सिंह यादव नाम के प्रत्यक्षदर्शी की रही। मुलायम हत्याकांड के इकलौते प्रत्यक्षदर्शी गवाह थे। उनकी गवाही अनुपम दुबे की सजा का मजबूत आधार बनी। इसके साथ ही अभियोजन पक्ष के 18 और 5 कोर्ट विटनेस समेत कुल 23 लोगों ने गवाही दी। इसके चलते आरोपी को सजा तक पहुंचाया जा सका।

# महिला एजेंट का रुपयों से भरा-बैग जालसाजों ने किया पार

- पोस्ट ऑफिस में आरडी का रूपया जमा करने गई थी, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

संवाददाता



जालौन, जालौन में ग्राहकों के रुपए लेकर पोस्ट ऑफिस में जमा करने गई। महिला एजेंट का रुपयों से भरे बैग को दो युवकों ने पार कर दिया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी महिला ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से इस घटना को अंजाम देने वाले युवकों के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है। घटना एट कस्बा की है। एट की रहने वाली महिला मिथला गुप्ता डाकघर में आरडी के एजेंट के रूप में कार्यरत है और वह घर-घर जाकर लोगों के बचत खाते के लिए आरडी और एफडी बनाने का काम करती है। उसने कई लोगों से रुपए एकत्रित करने के बाद उनके रुपए जमा करने गुरुवार दोपहर को लगभग दो लाख बीस हजार वसूली करके जमा करने डाकघर पहुंची थी। डाकखाने में भीड़ अधिक होने के कारण डाकखाने के सामने वाली गली में बने बाथरूम में वह चली गई। इसी दौरान उसने अपने पास रुपए से भरा बैग रख दिया। तभी बाइक सवार दो युवक ने महिला का बैग उठाकर भाग गए। बैग में डाकखाने की पासबुक और मोबाइल के साथ रुपए भी था। जिसे महिला ने पलट कर देखा, तब तक बाइक सवार लगभग 50 मीटर दूर निकल गए।

# आकर्षक अंदाज में वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में किया सचेत

**लंग केयर फाउन्डेशन के तत्वावधान में ह्यस्वच्छ वायु और स्वास्थ्यह्न पर मीडिया कार्यशाला**

**गर्भ में पल रहा बच्चा भी आज वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अछूता नहीं : डॉ. सूर्यकान्त**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसी भी जश्न पर एक चकरी जलाने से कितने सिगरेट का धुंआ निकलता है ....24 घंटे में हम कितनी बार सांस लेते हैं और उसके लिए कितने लीटर आक्सीजन की जरूरत पड़ती है .. । दैनिक जीवन से जुड़े इसी तरह के तमाम सवाल लंग केयर फाउन्डेशन के तत्वावधान में सोमवार को गोमतीनगर स्थित 112-यूपी इमरजेंसी सर्विसेज कार्यालय के सभागार में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में उठे । विशेषज्ञों ने बहुत ही आकर्षक अंदाज में इनके जवाब दिए और कार्यशाला के दौरान ही कपूर जलाकर एयर क्वालिटी इंडेक्स पर पड़ने वाले असर का प्रदर्शन भी किया। गुब्बारे फुलाकर फेफड़ों की ताकत भी परखी गई। प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण का हमारे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम पर मंथन भी किया गया ।

लंग केयर फाउन्डेशन के फाउंडर ट्रस्टी राजीव खुराना ने बताया कि हम किसी भी जश्न पर एक छोटी से चकरी भी जलाते हैं तो करीब 431 सिगरेट के बराबर का धुंआ उससे निकलता है, इसी तरह से अन्य पटाखों से भी होना वाला प्रदूषण सीधे हमारे फेफड़ों को प्रभावित करता है ।24 घंटे के दौरान करीब 25 हजार बार सांस लेते हैं । उन्होंने मीडिया से अपील की कि वातावरण को स्वच्छ बनाने का बीड़ा हम सभी को उठाने की जरूरत है । इसकी शुरूआत आज से ही अपने 20 से 200 मीटर के दायरे में करना शुरू कर देंगे तो खुद के साथ ही अगली पीढ़ी के भी हित में साबित होगा ।

इस मौके पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेस्परेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने बताया कि वायु प्रदूषण आज इतना बढ़ चुका है कि माँ के गर्भ में पल रहा शिशु भी उसके दुष्प्रभावों से अछूता नहीं है । उन्होंने बताया कि हाइवे के किनारे की कुछ बस्तियों और कुछ सुदूर गाँवों पर किये गए शोध में भी यह बात सामने आ गयी है। उन्होंने बताया कि देश के 22 सबसे प्रदूषित जिलों में नौ उत्तर प्रदेश के हैं, जिसमें लखनऊ भी शामिल है ।इसलिए हमें सचेत हो जाने की जरूरत है, क्योंकि बिना पिए भी 10 से 15 सिगरेट का धुंआ हमारे फेफड़ों तक पहुंचकर हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है । वायु प्रदूषण से एलर्जी, अस्थमा, ब्रांकाइटिस, टीबी, कैंसर ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर, मोतियाबिंद, अनिद्रा, चिडचिडापन, बाल झड़ना व जल्दी सफेद होना लीवर झकिडनी सम्बन्धी तमाम दिक्कतें पैदा हो रहीं हैं । कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. ए. पी. माहेश्वरी, सेवानिवृत्त महानिदेशक, सीआरपीएफ व संरक्षक- लंग केयर फाउंडेशन के स्वागत भाषण से हुई । डॉ. कारमिन उप्पल, उप निदेशक, एलसीएफ ने वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य के संदर्भ में पत्रकारों की भूमिका, समाधान के लिए विचार सृजन, शहर-स्तरीय प्राथमिकताओं को निर्धारित करने और कानून, वायु प्रदूषण, सरकार, मीडिया और अन्य हितधारकों की भूमिकाओं पर चर्चा की । भरत नायक, संचार प्रबंधक, हेल्थ केयर विदाउट हार्म ने फि र जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के बारे में सटीक जानकारी की पहचान करने और मिथकों को दूर करने के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ लेखक व पत्रकार नवीन जोशी ने कहा कि लोगों को उनकी भाषा में वायु प्रदूषण की विषमताओं को समझाने में मीडिया की अहम भूमिका है। इतिहासकार व मीडियाविद रवि भट्ट ने कहा - वायु प्रदूषण कई तरह की बीमारियों को जन्म दे रहा है, जिसके प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मीडिया को आगे आने की जरूरत है ।

# दोषी पति को सात वर्ष की कैद

**एक लाख रुपए अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।**

**जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।**

**अर्थदंड की समूची धनराशि एक लाख रुपए मृतका के पिता को मिलेगी।**

**चौदह वर्ष पूर्व हुए रेखा हत्याकांड का मामला।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। चौदह वर्ष पूर्व हुए रेखा हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विकास कुमार पांडेय को सात वर्ष की कैद व एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि एक लाख रुपए मृतका के पिता को मिलेगी अभियोजन पक्ष के मुताबिक अशोक कुमार चौबे पुत्र हरिहर चौबे निवासी ग्राम अमोखर, थाना राबर्ट्सगंज , जिला सोनभद्र ने न्यायालय में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी रेखा देवी की शादी 29 अप्रैल 2005 को हिंदू रीति रिवाज से विकास कुमार पांडेय पुत्र नागेंद्र प्रसाद पांडेय निवासी नौडिहा, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के साथ किया था। शादी में अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार दिया था। एक वर्ष बाद लड़की का गौना हुआ तो वह अपनी ससुराल गई। करीब 6 माह बाद ससुराल से विदा होकर मायके आई तो बताई कि उसके ससुराल वाले दहेज के लोभी हैं। काम दहेज मिलने की वजह से सभी लोग नाखुश हैं।जिसकी वजह से उसके साथ सभी लोग बुरा व्यवहार शुरू से ही कर रहे हैं। ताना मरते हुए उसे मारपीट कर चोट पहुंचाई गई है। बार बार पिताजी को यह कहकर गाली दिया जाता रहा कि उन्हें ठग दिया गया है। ससुराल वालों ने यह भी कहा कि दहेज में 50 हजार रुपए नकद और एक बाइक जब लेकर आओगी तभी यहां रह पाओगी, अन्यथा सूरत दिखाने बगैर दहेज के मत आना। बेटी की बात सुनकर ससुराल वालों से बातचीत कर काफी अनुनय विनय किया, किंतु वे लोग नहीं माने। बेटी को अक्सर प्रताड़ित करते रहे और एक बेटी और एक बेटा भी पैदा हो गए ।जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो पति, सास और ससुर ने बेटी रेखा देवी को जहर खिलाकर मार डाला। मरने के बाद बगैर सूचना दिए ही लाश को जला दिया गया ।शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में दूसरे दिन कराया गया। घटना की लिखित सूचना घोरावल थाने में 6 अक्तूबर 2009 को दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि पुलिस वालों ने सादे कागज पर हस्ताक्षर बनवा लिया और कोई कार्रवाई नहीं किया। उसी दिन रात करीब 11 बजे पति विकास कुमार पांडेय अन्य लोगों के साथ घर पहुंचे और यह धमकी दिया कि जो थाने पर प्रार्थना पत्र दिए हो उसे वापस ले लो नहीं तो बेटी जैसा ही हश्र होगा। सदमे की वजह से पति पत्नी की मानसिक स्थिति खराब हो गई, जिसका दवा इलाज बीएचयू वाराणसी में चलने लगा। राहत मिलने पर यह एप्लीकेशन दाखिल किया गया। कोर्ट के आदेश पर घोरावल पुलिस ने विकास कुमार पांडेय पुत्र नागेंद्र प्रसाद पांडेय निवासी नौड़िहा, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया था। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विकास कुमार पांडेय को सात वर्ष की कैद व एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि एक लाख रुपए मृतका के पिता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग।**

**महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक।**

**बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 11.12.2023 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/गांव/स्कूल/कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्लमिशन शक्तिह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया ।

# गाजीपुर जिले के अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत के जिला महामंत्री का कुशीनगर में स्वागत



अमन लेखनी समाचार

कुशीनगर जिला में अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत जंतर-मंतर प्रदर्शन के सम्मान में जिला अध्यक्ष द्वारा आयोजित अभिकर्ता समारोह कार्यक्रम में जंतर-मंतर पर हुए धरना प्रदर्शन करने वालों सदस्य का स्वागत कार्यक्रम जो कि सरकार के पास अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था। उसके उपलब्ध में अभिकर्ता को समान किया गया । जो देश और प्रदेश के पदाधिकारियों, और कुछ जिले के पदाधिकारियों इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित हुए थे ।एकजुट का अभिकर्ता संघ भारत के द्वारा आज हमारे जिला महामंत्री श्री प्रवीण कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में एक टीम कुशीनगर के अभिकर्ता सम्मान समारोह में भाग लिया जिस टीम का नेतृत्व खुद महामंत्री प्रवीण कुमार सिंह कर रहे हैं तथा हमारे जिला अध्यक्ष श्री गोपाल प्रसाद शर्मा जी के अस्वस्थ होने के कारण उनका पूरा कार्यभार जिला महामंत्री श्री प्रवीण कुमार सिंह और पप्पू सिंह उठा रहे हैं इसको कहते हैं लगन अपने दायित्व के प्रति कार्यशील रहना यह कार्य जिला महामंत्री बखूबी निभा रहे हैं हम लोगों को जिला महामंत्री एवं उनकी टीम पर फक्र है।

# शाहफैज विद्यालय में भारत दर्शन प्रदर्शनी एवं मेले का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले के शाह फैज विद्यालय के प्रांगण में ह्यभारत दर्शन प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह जी थे। सर्वप्रथम उनके आगमन पर विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी ने बुके देकर उनका स्वागत किया तत्पश्चात छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के ही छोटे बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य एवं अन्य गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसका सञ्चालन विद्यालय की संगीत की अध्यापिका दीपिका वर्मा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के बाद मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर प्रदर्शनी एवं मेले की शुरूआत की। इस प्रदर्शनी में भारत के सभी 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गयी थी। इस प्रदर्शनी का आकर्षण विद्यालय की कला अध्यापिका आमना उबैद एवम उमेश द्वारा बनाया गया राष्ट्रीय चिन्ह था ।मेले में कई तरह के खाने व खेल के स्टाल लगाए गए थे जिसका अभिभावकों ने जम कर लुत्फ उठाया। इस मेले में ह्यलाइव म्यूजिक कॉन्सर्टह्न श्याम कुमार शर्मा एवं गिरधर शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ जो इसी विद्यालय में संगीत के अध्यपाक हैं। विद्यालय के छात्रों पुष्कर जी उपाध्याय. खुशी गुप्ता, शुभ्रा पांडेय, शान कुशवाहा, शगुन कुशवाहा, हितार्थ, चित्रार्थ एवं आरव ने बहुत ही कर्ण प्रिय संगीत की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि ने सभी कार्यक्रमों की बहुत प्रशंसा की व सभी अभिभावकों, अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं ।प्रदर्शनी एवं मेले की समाप्ति पर विद्यालय के निदेशक ने सभी अध्यापकों एवं जिले के पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में मदर मरियम ग्लोबल स्कूल महाराज गंज आदि स्कूल उपस्थित थे।

# कोन पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना कोन पुलिस द्वारा आज दिनांक 11.12.2023 को थाना कोन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-173/2023 धारा 324 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त 01. संतोष कुमार पुत्र शिवशंकर, निवासी ग्राम गड़ाव (चकरिया), थाना कोन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 21 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

# ऊर्जा संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक एवं स्कूलों में पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट। हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिजनों तथा रेणुकूटवासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसंबर तक उर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 9 दिसंबर को हिण्डाल्को के आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज एवं के डी के विद्या मंदिर के बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से ऊर्जा बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य डी. एन. शुक्ला और गौतम गुप्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागरूक किया गया तथा ऊर्जा संबंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्मेल्टर ऑपरेशन्स विभाग के प्रमुख हंसराज सिंह एवं मानव संसाधन विभाग की वरिष्ठ अधिकारी वनिता वासनिक ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से बच्चों को ऊर्जा संरक्षण करने के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया। हिण्डाल्को रेणुकूट के क्लस्टर हेड एन. नागेश ने सभी कर्मचारियों को ऊर्जा संरक्षण के उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी क्रम में कर्मचारियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्मेल्टर विभाग में किया गया। स्मेल्टर प्लांट हेड जेपी नायक के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के विवेक अग्रवाल, राजीव सिंह एवं रजनीश सिंह ने पेंटिंग प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में लगातार जिलाधिकारी फरियादियों की फरियाद सुनकर उनका निस्तारण बड़े सहज भाव से कर रही है वही सोमवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सरल एवं सहज भाव से सुना और फरियादियों को आश्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतो का निस्तारण किया जायेगा। आज जनता दर्शन के दौरान 75 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाय ।

# शिकायतों को लेकर प्रशासन के पास पहुंचे महाविद्यालय के छात्र

**बिना परीक्षा के बीए प्रथम वर्ष के सेकेंड सेमेस्टर में फेल करने की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कस्बे में सोमवार को अभय प्रताप सिंह महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं कोतवाली बिंदकी पहुंचे और उन्होंने बताया की उन लोगों की बीए प्रथम वर्ष की सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षाएं नही हुई और बिना परीक्षा के उन्हें सेकेंड सेमेस्टर में फेल कर दिया गया बिना परीक्षा के वह लोग बीए द्वितीय वर्ष में प्रवेश नहीं ले पा रहे है छात्र छात्राओं ने बताया की ऐसे लगभग 126 छात्र छात्राएं है इस मामले में कार्यवाहक उपप्राचार्य विनय शुक्ला ने बताया की ऐसा मामला कई महाविद्यालय का है यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है छात्र छात्राओं का भविष्य नहीं खराब होने दिया जाएगा जहा 19 दिसंबर को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई है।

# उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार




मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के नियम-24 के अनुसार जिला स्तर पर गठित समिति की बैठक एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उत्पीडन आर्थिक सहायता मदद योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 तथा तद्विषयक नियमावली-1995 के नियम-17 के अन्तर्गत अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के कार्यान्वयन तथा उत्पीड़ित व्यक्तियों को दी जाने वाली राहत एवं पुनर्वासन तथा उससे सम्बन्ध अन्य मामलों का अभियोजन, उपबन्धों के क्रियान्वयन तथा प्राप्त विभिन्न रिपोर्टो के पुनर्विलोकन एवं त्वरित/प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में शासन द्वारा जनपद स्तर पर गठित सतर्कता एवं मानीटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सदस्य/सचिव जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उत्पीड़न योजनान्तर्गत जनपद मीरजापुर को रू0 160.00 लाख (रुपए-एक करोड़ साठ लाख मात्र) का घनावंटन जनपद को प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष जिलाधिकारी के अनुमोदनोंपरान्त कुल 141 उत्पीड़ित व्यक्तियों/उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता की धनराशि रू0 159.96 लाख मात्र से लाभान्वित कराया जा चुका है। शेष 35 उत्पीड़ित व्यक्तियों का प्रस्ताव कार्यालय में प्राप्त हुआ है, जिसे धनराशि के अभाव में उत्पीड़ित व्यक्तियों को भुगतान नहीं किया जा सका है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में कुल 35 लंबित उत्पीड़ित व्यक्तियों का स्वीकृति प्राप्त कर लिया जाय ताकि धनराशि आने पर तत्काल उन्हें भुगतानित कर दिया जाय।

उ0प्र0 माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014 के अन्तर्गत जनपद में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) का संचालन स्वैच्छिक संस्था- स्वजन शिक्षण संस्थान, लखनऊ के माध्यम से पटेंगरा नाला, विन्ध्याचल में संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल संवासियों की स्वीकृत क्षमता 150 के सापेक्ष 31 महिला एवं 71 पुरुष, अर्थात कुल 102 संवासी आवासित है। शासनादेश में रू0 114/- प्रतिदिन प्रति संवासी को देय है। साथ ही रू0 200/- प्रति संवासी की दर से दवा हेतु देय है।

# प्रतीक्षालय आश्वासन अमौली कस्बे के लिए एक थोथा चना

**जनप्रतिनिधियों के वादों के बाद भी कूड़े कचरे का संग्रहालय बनी प्रतीक्षालय की भूमि**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला


मुख्य चौराहे पर बनने वाले प्रतीक्षालय का क्षेत्रीय विधायक ने दिया जल्द बनने का आश्वासन

दीप प्रज्वलन के साथ क्षेत्रीय विधायक ने किया ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ



फतेहपुर। सूबे में बैठे मुख्यमंत्री के तत्वावधान में समूचे प्रदेश में साफ सफाई की व्यवस्थाओं पर गहन विचार किया गया जिसके आधार पर जगह-जगह सफाई कर्मचारी नियुक्त करते हुए गांव की गलियां नालियां कूड़ा कचरा इत्यादि समुचित रूप से साफ कराया जा रहा है जनपद के अमौली कस्बे के मुख्य चौराहे पर प्रस्तावित प्रतीक्षालय विगत कई वर्षों से विकास की राह देख रहा है प्रतीक्षालय की भूमि में कस्बे का कूड़ा कचरा गंदगी पूर्ण रूप से प्रभावी है जहां ग्रामीण अपना पूरा कचरा फेंक कर बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं पूर्व काल में सत्ता में प्रदेश के राज्य मंत्री रहे जहानाबाद विधानसभा के विधायक जयकुमार सिंह जैकी द्वारा इस भूमि को प्रतीक्षालय के रूप में चिन्हित किया गया था परंतु कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी प्रतीक्षालय की भूमि जस का तस पड़ी रही पुनः सत्ता पर आए जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र पटेल से विगत वर्ष अमौली मेला के शुभारंभ में पत्रकारों ने वार्ता करते हुए प्रतीक्षालय के बारे में चर्चा की जहां क्षेत्रीय विधायक ने इस कार्य पर बल देने का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया परंतु यह आश्वासन अभी तक एक सफेद हाथी की तरह बन कर रह गया है आगामी 26 दिसम्बर को जनपद का ऐतिहासिक एक माह तक चलने वाला अमौली मेला प्रारंभ होगा वर्ष पूरा होने जा रहा है परंतु प्रतीक्षालय की ओर जनपद के किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं गया प्रतीक्षालय की भूमि पर फैला हुआ कूड़ा कचरा गंदगी बीमारियों को बढ़ावा देने के लिए तैयार है प्रतीक्षालय की भूमि की साफ सफाई के लिए सफाई विभाग का कोई भी कर्मचारी आज तक नहीं पहुंचा जिसकी गंदगी देखकर ऐसा लगता है जैसे कई दशक से यहां कचरा का संग्रहालय बना रखा गया हो देखना यह है की प्रस्तावित प्रतीक्षालय की भूमि कब तक विकास की राह देखती रहेगी

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



## मेघना गुलजार की 'स्पाइडर' में काम करेंगे सिद्धार्थ ..!

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्मकार मेघना गुलजार की फिल्म स्पाइडर में काम करते नजर आ सकते हैं। मेघना गुलजार सच्ची घटना पर आधारित फिल्म स्पाइडर बनाने जा रही है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी। मेघना गुलजार पिछले एक साल से इस फिल्म की कहानी की सक्रिप्टि पर काम कर रही हैं। मेघना गुलजार ने बताया कि यह फिल्म लोगों को हैरान कर देगी। इस फिल्म की शूटिंग 2024 से शुरू की जाएगी। फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे।

लाइफ Style

## कैटरीना

### मैरी क्रिसमस मेरे कॅरियर की सबसे मुश्किल फिल्म

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ फिल्म मैरी क्रिसमस को अपने करियर की सबसे मुश्किल फिल्म मानती है। कैटरीना कैफ ने विजय सेतुपति के साथ फिल्म मैरी क्रिसमस में काम किया है। मैरी क्रिसमस का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। फिल्म मैरी क्रिसमस 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कैटरीना कैफ ने कहा कि मुझे विजय सेतुपति के साथ मैरी क्रिसमस में काम करने का मौका मिला। यह बहुत खूबसूरत था। यह मेरे करियर की अब तक की सबसे कठिन फिल्म है। उस कैरेक्टर ने मेरे अंदर से काफी कुछ बाहर निकाला है और अनुभव शानदार रहा है। मैरी क्रिसमस द्विभाषी फिल्म है। हमने फिल्म को हिंदी और तमिल में शूट किया। मैंने तमिल वर्जन के लिए तमिल में शूटिंग किया। ऐसे में दो-दो बार शूट करना होता था। इसलिए यह मुश्किल था, लेकिन रोमांच से भरा था। मेरे को-स्टार विजय सेतुपति बहुत अद्भुत हैं। जब हम हिंदी शूट करते थे, तो वह शानदार होते थे, लेकिन जब हम तमिल में शूट करते थे, तो वह एक अलग अभिनेता बन जाते थे।

मैरी क्रिसमस द्विभाषी फिल्म है। हमने फिल्म को हिंदी और तमिल में शूट किया। मैंने तमिल वर्जन के लिए तमिल में शूटिंग किया। ऐसे में दो-दो बार शूट करना होता था। इसलिए यह मुश्किल था, लेकिन रोमांच से भरा था। मेरे को-स्टार विजय सेतुपति बहुत अद्भुत हैं।



हॉलीवुड मसाला




## धोखाधड़ी के मामले में समन

**लॉस एंजिलस।** पॉप स्टार शकीरा को टैक्स धोखाधड़ी मामले में सोमवार को बार्सिलोना की अदालत में पेश होने के लिए बुलाया गया है। शकीरा पर 2012 से 2014 के बीच स्पेनिश सरकार को 1.45 मिलियन यूरो (करीब 1.58 मिलियन अमेरिकी डॉलर) टैक्स नहीं चुकाने का आरोप है। हालांकि, शकीरा ने इस बात से इनकार किया और कहा कि, 'उन्होंने अपना सारा बकाया चुका दिया है।' यह मामला 2018 में सुर्खियों में आया था। फिलहाल यह इस पर निर्भर करेगा कि शकीरा उस वक्त कहां रह रही थीं।



## सिलियन की 'ओपेनहाइमर' अब ऑनलाइन रिलीज...

**मुंबई।** मशहूर डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन के डायरेक्शन में बनीं फिल्म 'ओपेनहाइमर' 21 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म फैंस को खूब पसंद आई थी। 'ओपेनहाइमर' बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म की स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जी5 पर हो रही है। हालांकि, फिल्म इस प्लेटफॉर्म पर रेंट पर मौजूद है। फिल्म 'ओपेनहाइमर' उन फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जो फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने से चूक गए थे। ऑडियंस अब इस फिल्म का लुफ्त घर बैठे-बैठे ही उठा सकते है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने अपने एक्स अकाउंट से फिल्म 'ओपेनहाइमर' का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "ओपेनहाइमर' की रोमांचकारी दुनिया में कदम रखें, जहां असाधारणता केंद्र में है।



## 'जिगरा' में एक्शन करतीं आएंगी नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म जिगरा में जोरदार एक्शन करती नजर आएंगी। करण जौहर के प्रोडक्शल हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के तले फिल्म जिगरा बनाई जा रही है। फिल्म जिगरा का निर्देशन वासन बाला कर रहे हैं। आलिया इस फिल्म से बतौर सह-निर्माता भी जुड़ी हैं। फिल्म जिगरा की शूटिंग अक्टूबर में शुरू हुई थी जो इन दिनों मुंबई में जारी है। आलिया इस फिल्म के लिए एक्शन ट्रेनिंग लेती हैं। इस फिल्म में आलिया अपने भाई की रक्षा करती नजर आएंगी। जिगरा में आलिया के भाई के रोल में वेदांग रैना हैं। बताया जा रहा कि फिल्म जिगरा में आलिया का एक्शन रियलिस्टिक लगे इसके उन्होंने शूटिंग से पहले काफी बास्केटबॉल खेला है।इस फिल्म को वासन बाला बना रहें हैं। जिगरा 27 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## 'डंकी' में हिरानी ने तोड़ा अपना रूल

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान की मूवी 'डंकी' का ट्रेलर आ चुका है। मूवी के डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की इस मूवी में वो सारा मसाला नजर आ रहा है, जो उनका ट्रेडमार्क है। सोशल ड्रामा, कॉमेडी और मैसेज के साथ इस बार आपको बता दें कि राजकुमार हिरानी ने सिर्फ 5 मूवी बनाई हैं, वो इकलौते ऐसे डायरेक्टर हैं जिनकी सारी मूवी ब्लॉकबस्टर हैं। राजकुमार हिरानी की यह पहली मूवी होगी जिसमें हिंसा दिखाई जाएगी। राजकुमारी हिरानी ने कभी इस बात की घोषणा नही की उनकी फिल्मों में हिंसा नही होगी। अभी तक राजकुमार हिरानी कि किसी भी मूवी में हिंसा देखने को नहीं मिली लेकिन वही इस बार आपको उनकी मूवी में हिसा देखने को मिलेगी। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी मूवी डंकी में वो अपना नियम तोड़ रहे हैं।

टीवी मसाला




## नए साल से टेलीविजन पर शुरू होगा 'श्रीमद रामायण'

**मुंबई।** भारतीय महाकाव्य श्रीमद रामायण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 01 जनवरी 2024 से शुरू होगा। श्रीमद रामायण में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम के रूप में सुजय रेऊ नजर आयेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन चैनल ने श्रीमद रामायण एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें दर्शकों को मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम से खूबसूरती से परिचित कराया गया है। सुजय रेऊ ने कहा,श्रीमद रामायण में यह अवसर पाकर मैं सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। ऐसे अत्यधिक पूजे जाने वाले देवता का किरदार निभाना सिर्फ एक भूमिका नहीं है। यह एक गहरी जिम्मेदारी और अभूतपूर्व आध्यात्मिक यात्रा है। भगवान राम की कालातीत कथा ने हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखी है, और उनकी यात्रा को जीवंत करने का यह मौका मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। 'श्रीमद रामायण' हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## सीरियल के किरदार के लिए सृति सीख रहीं मराठी...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सृति झा शो 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में एक मराठी मुलगी के किरदार को निभाने के लिए लगन से मराठी भाषा सीख रही हैं। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' दो अपोजिट कैरेक्टर्स, अमृता और विराट के बीच एक प्रेम कहानी है, जिन्हें क्रमशः सृति और अरिजीत तनेजा द्वारा निभाया गया है। सृति मराठी भाषा सीख रही हैं। वह अपनी भूमिका के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और अपनी ऑन-स्क्रीन मां हेमांगी कवि से मार्गदर्शन लेती हैं, जो शो में भवानी चिटनिस की भूमिका निभा रही हैं। इस बारे में बात करते हुए, सृति ने कहा कि हो सकता है कि मैं अच्छी तरह से मराठी नहीं बोल पाऊं, लेकिन मुग्धा जैसे मेरे कई महाराष्ट्रीयन दोस्त हैं,



जो फ्लूएंट यह भाषा बोलते हैं। मैंने उनमें से कुछ अंश उठाए हैं, इसलिए जब कोई मुझसे मराठी में बात करता है तो मैं समझ सकती हूं, लेकिन अगर मैं टॉपिक से अनजान हूं, तो मुझे इसे समझने में कठिनाई होती है।

## बिना किसी सुपरस्टार के 16 करोड़ में बनी फिल्म ने कमा डाले 400 करोड़

**मुंबई।** आपको याद होगा कि 2022 में 'कंतारा' नाम की एक कन्नड़ फिल्म 30 सितंबर को सिनेमाघरों में आई और फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। कंतारा एक गांव के लोगों की



कहानी थी और इसे सिर्फ 16 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया था। हालांकि, कंतारा ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। दुनिया भर के बॉक्स-ऑफिस पर इस फिल्म ने 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। इस फिल्म की अपार सफलता के बाद 'कंतारा' के निर्देशक-एक्टर ऋषभ शेट्टी सुपरस्टार बन गए। 'कंतारा' की सफलता ने ऋषभ शेट्टी को इस फिल्म का सीक्वल भी बनाने जा रहे हैं। हालांकि, प्रीक्वल है, यानी 'कंतारा' के आगे की नहीं, बल्कि पीछे की कहानी है। यह फिल्म इतनी ज्यादा पॉपुलर हुई कि इसे बाद में हिंदी में भी रिलीज किया गया। यह कहना गलत नहीं होगा कि 'कंतारा' भारत की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्मों में से एक है।

### कंतारा ने जीते ढेरों अवॉड्र्स

ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा' ने अवॉड्र्स फंक्शन में भी जमकर इतिहास रचा। 'कंतारा' '54वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में विशेष जूरी पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ फिल्म बनी। ऋषभ शेट्टी को 'मोस्ट प्रॉमिसिंग एक्टर' का अवॉर्ड मिला।

## ऋचा-अली की 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' फिल्म फेस्टिवल के लिए हुई सिलेक्ट

*मुंबई। अभिनेता अली फजल और अभिनेत्री ऋचा चड्ढा बॉलीवुड के पावर कपल हैं। फिलहाल ये जोड़ी अपने पहले प्रोडक्शन वेंचर 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' में काफी बिजी हैं। वहीं कपल की इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल इनकी फिल्म ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मूवी के कलाकारों में मल्टी अवॉर्ड विनिंग मलयालम फिल्म अभिनेत्री कानी कुसरुति और जितिन गुलाटी के साथ-साथ न्यू कमर प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण मुख्य भूमिका में हैं।*

***डायरेक्टर ने जाहिर की खुशी :*** *मूवी की डायरेक्टर शुचि ने बताया कि, "मुझे खुशी है कि मेरी पहला फीचर सिनेमा के मक्का, सनडांस में चुनी गई है। इंडिया में शूट की गई और संकल्पित फिल्म को इस बड़े इंटरनेशनल फेस्टिव में शामिल होते देखना काफी खुशी की बात है। इस ड्रामा के फोकस में एक मां और बेटी के बीच की प्रेम कहानी है।*



### *एक्सक्लूसिव 16 फिल्मों में से एक फिल्म यह भी*

*'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' ऋचा और अली फजल एक प्रोडक्शन हाउस में फिल्म बनी है। फिल्म अब नए मुकाम पर जाने के लिए तैयार लग रही है। एक्सक्लूसिव 16 फिल्मों में से एक फिल्म यह भी है. यह उपलब्धि फिल्म को उन कुछ चुनिंदा इंडियन नेरेटिव फीचर फिल्मों में शामिल करती है, जिन्होंने सनडांस में ऐसी पहचान हासिल की है।*

***शुचि तलाठी ने मूवी को किया है डायरेक्ट :*** *अली फजल और ऋचा चड्ढा के प्रोडक्शन में बनी मूवी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। बता दें कि मूवी नॉर्थ इंडिया के एक छोटे से हिमालयी पहाड़ी शहर के एक बोर्डिंग स्कूल पर बेस्ड स्टोरी है।*

## राजकपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा को बनाया अपनी दुल्हन

# प्रेम चोपड़ा ने अपनी शादी पर जितेंद्र से दिलवाया था पहरा, बोले- कोई महिला अंदर आए तो...

*मुंबई। पांच दशकों में लगभग 400 फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अनुभवी अभिनेता प्रेम चोपड़ा को हाल ही में ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' में देखा गया था। अभिनेता को राजेश खन्ना की फिल्मों जैसे डोली, उपकार और दो रास्ते में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्धि मिली। एक नए इंटरव्यू में उन्होंने अपनी शादी से जुड़े किस्से याद किए। 1969 में प्रेम चोपड़ा ने उमा से शादी की, जो अभिनेता राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन हैं। बता दें कि प्रेम चौपड़ा ने जितेंद्र को शादी पर अपना गार्ड बनाया था जिसका कारण जानका आप चौंक जाएंगे।*

### कृष्णा ने पूछा था- प्रेम लड़का कैसा है

एक इंटरव्यू में प्रेम ने कहा, ''कृष्णा जी (राज कपूर की पत्नी) ने मेरे बारे में पूछा था। उन्होंने पूछा था, 'वह लड़का कैसा है।' लोगों ने कहा, 'वह अच्छा है। इसका भविष्य बहुत अच्छा है।'तब राज कपूर मुझसे मिले और कहा, 'वह बहुत अच्छी लड़की है। उसके बारे में सोचो।' तब मैंने कहा था, 'निश्चित रूप से, मैं सोचूंगा।

### जीतेंद्र को वेडिंग वेन्यू के बाहर किया था खड़ा

लेकिन इससे पहले प्रेम चोपड़ा ने जितेंद्र को शादी पर अपना गार्ड बनाया था। प्रेम चोपड़ा ने जितेंद्र से कहा था, 'आप बाहर खड़े रहें। देखो कि कोई पुलिस न आए। उस समय, पुलिस शादियों में आती थी और आप पर किसी अपराध का आरोप लगाती थी और महिलाएं आती थीं और कहती थीं, 'मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।' मैंने जीतेंद्र से कहा, 'पुलिस को मत आने देना और कोई महिला अंदर आए तो भगा देना।



### पंडित को दी 5 मिनट में शादी खत्म करने की चेतावनी

दिग्गज अभिनेता ने याद किया कि कैसे उन्होंने पंडित को पांच मिनट में शादी खत्म करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा, हम सन एंड सैंड होटल में शादी कर रहे थे और मैंने पंडित से कहा, 'पांच मिनट के भीतर सब कुछ खत्म हो जाना चाहिए।'

### कभी नहीं किया कहानियों पर विश्वास'

प्रेम चोपड़ा ने अपने पिछले इंटरव्यू में बताया था कि कैसे उनकी पत्नी उन पर भरोसा करती थी। उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी ने कभी भी फिल्म एक्ट्रेस के साथ उनके अफेयर पर प्रकाशित किस्सों पर विश्वास नहीं किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ''फिल्मी परिवार से होने के कारण उन्हें इस तरह की कहानियों की आदत थी। किसी बाहरी व्यक्ति को यह मुश्किल लगता होगा। उन्होंने मुझ पर भरोसा किया।

### प्रेम चोपड़ा की हैं 3 बेटियां

बता दें कि प्रेम चोपड़ा के तीन बेटियां हैं- रकिता, पुनिता, प्रेरणा। प्रेम चोपड़ा की बड़ी बेटी रकिता ने स्क्रीन राइटर और पब्लिसिटी डिजाइनर राहुल नंदा से शादी की है। मंझली बेटी पुनीता की शादी सिंगर और टीवी एक्टर विकास भल्ला से हुई है। प्रेम चोपड़ा की तीसरी और सबसे छोटी बेटी प्रेरणा की शादी बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी से हुई है।